सुविचार

गुस्से में कभी गलत मत बोलो, मूड तो ठीक हो ही जाता है, पर बोली हुई बातें वापस नही आती !

RNI : RAJHIN13216/2005

# दैनिक गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्ष: 17 | अंक: 342 | पेज: 8 | मूल्य 01 रु. | जयपुर, बुधवार 5 जुलाई, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

**उदयपुर कन्हैयालाल हत्याकांड**

## NIA की विशेष कोर्ट में हुई आरोपियों की पेशी, 26 जुलाई को होगी चार्ज पर बहस



**जयपुर।** उदयपुर में कन्हैया लाल हत्याकांड मामले में एनआईए से जुड़ी सीबीआई की विशेष अदालत में मंगलवार को 9 आरोपियों को पेश किया गया। जहां सभी आरोपियों को अजमेर के हाई सिक्योरिटी जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच लाए गए थे। आरोपी मोहम्मद गौस, रियाज अत्तारी, फरहाद शेख, आसिफ, मोहसिन, वसीम अली समेत 9 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। आरोपियों को यहां पहुंचने से पूर्व कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा की गई। आरोपियों की ओर से दो प्रार्थना पत्र लगाए गए है। अंग्रेजी में पेश चार्जशीट की हिंदी में ट्रांसलेशन की अर्जी लगाई गई है। साथ ही फोटोग्राफ, सीसीटीवी और पेन ड्राइव लेने के लिए भी अर्जी लगाई गई है। आरोपियों की ओर से दाखिल एक अर्जी पर फैसला हुआ। आरोपियों को एनआईए की ओर से हिंदी ट्रांसलेशन की कॉपी दी जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य से संबंधित प्रार्थना पत्र पर बुधवार को फैसला होगा। पूरे प्रकरण में अब 26 जुलाई को चार्ज पर बहस होगी।

**रेवेन्यू बोर्ड भ्रष्टाचार का मामला; फोन रिकॉर्डिंग नष्ट करने के दिए आदेश**

# हाई कोर्ट ने कहा-कानूनी प्रक्रिया के बिना रिकॉर्डिंग निजता का हनन

**जयपुर।** रेवेन्यू बोर्ड, अजमेर के दो सदस्यों व एक अधिवक्ता को जिस फोन रिकॉर्डिंग के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया था। उस रिकॉर्डिंग को हाई कोर्ट ने मंगलवार को नष्ट करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस बिरेन्द्र कुमार की एकलपीठ ने यह रिपोर्टेबल जजमेंट शशिकांत जोशी की याचिका पर दिया। राजस्थान हाई कोर्ट की जयपुर बेंच ने कहा- बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए किसी भी व्यक्ति का फोन सर्विलांस पर लेकर रिकॉर्ड करना निजता का हनन है। हाई कोर्ट ने इस मामले में याचिकाकर्ता का फोन सर्विलांस पर लेने के गृह सचिव के तीनों आदेशों को रद्द कर दिया। वहीं एसीबी को निर्देश दिए कि वह इस मामले में की गई रिकॉर्डिंग, मैसेज और उसकी समस्त कॉपी को नष्ट करें। इसके साथ ही याचिकाकर्ता के खिलाफ लंबित आपराधिक मामले में इस रिकॉर्डिंग के इस्तेमाल करने पर भी रोक लगा दी है।

**पब्लिक सुरक्षा व पब्लिक इमरजेंसी में ही फोन रख सकते हैं सर्विलांस पर**

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा- भारतीय टेलीग्राफ



अधिनियम-1885 के तहत किसी भी व्यक्ति का फोन सर्विलांस पर तभी लिया जा सकता है, जब पब्लिक सुरक्षा व पब्लिक इमरजेंसी से जुड़ा मामला हो। हर किसी मामले में फोन सर्विलांस पर रखना व्यक्ति की निजता का हनन माना जाएगा। यह संविधान के आर्टिकल 19 और 21 का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ भी राइट टू प्राइवेसी को मूल अधिकार मान चुकी है। ऐसे में बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए फोन सर्विलांस पर रखना वैध नहीं माना जा सकता।

हर किसी मामले में फोन सर्विलांस पर रखना व्यक्ति की निजता का हनन माना जाएगा। यह संविधान के आर्टिकल 19 और 21 का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ भी राइट टू प्राइवेसी को मूल अधिकार मान चुकी है। ऐसे में बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाए फोन सर्विलांस पर रखना वैध नहीं माना जा सकता।

**यह था पूरा मामला**

एसीबी ने 10 अप्रैल 2021 को रेवेन्यू बोर्ड अजमेर में पोस्टेड सीनियर RAS (राजस्थान एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस) बीएल मेहरड़ा, RAS सुनील शर्मा और दलाल वकील शशिकांत जोशी को गिरफ्तार किया था। इन पर आरोप था कि दोनों सदस्य रेवेन्यू बोर्ड में फैसले देने व फैसले बदलने की एवज में घूस लेते हैं। आरोप के अनुसार, दलाल शशिकांत जोशी इसमें लिप्त था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता मोहित खंडेलवाल ने बताया कि एसीबी ने रिकॉर्डिंग के आधार पर सबसे पहले सुनील शर्मा के घर पर रेड मारी। वहां से उन्हें रिश्वत की कोई राशि बरामद नहीं हुई। एसीबी ने रिकॉर्डिंग के आधार पर सुनील शर्मा व शशिकांत जोशी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद बीएल मेहरड़ा को भी रिकॉर्डिंग के आधार पर गिरफ्तार किया।

**फोन रिकॉर्डिंग की यह है कानूनी प्रक्रिया**

हाई कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया है कि किसी भी व्यक्ति का फोन सर्विलांस पर रखने की एक पूरी कानूनी प्रक्रिया है। इसे अपनाकर ही किसी का फोन सर्विलांस पर रखा जा सकता है।फोन सर्विलांस पर रखने का आदेश गृह विभाग का प्रमुख सचिव ही दे सकता है। जब भी ऐसा आदेश दिया जाता है तो इसे 7 दिन के अंदर रिव्यू कमेटी को भेजा जाएगा। रिव्यू कमेटी में मुख्य सचिव, विधि सचिव व सरकार द्वारा नामित अन्य सचिव होगा। कमेटी तथ्यों के आधार पर अपना फैसला लेगी।पब्लिक सेफ्टी व पब्लिक इमरजेंस में ही फोन सर्विलांस पर लिया जा सकता है। हाई कोर्ट ने कहा कि इस मामले में फोन सर्विलांस पर लेने का आदेश प्रमुख सचिव ने नहीं देकर उनके अधीन गृह सचिव ने ही दे दिया। वहीं इसे रिव्यू कमेटी को भी नहीं भेजा गया। साथ ही जिस आधार पर फोन सर्विलांस पर लिया गया। वह पब्लिक सेफ्टी व पब्लिक इमरजेंसी से जुड़ा हुआ नहीं है।

# मंत्री जाहिदा खान से मेरे तीन लाख रुपए दिला दो

**ट्रांसफर के नाम पर टीचर्स से वसूली का आरोप**

**जयपुर।** जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर रातों-रात लगे पोस्टरों पर यही लाइनें लिखी गई हैं। ये पोस्टर हैंडरिटेन हैं। पढ़ने से ऐसा लग रहा है, जैसे कि शिक्षकों ने अपनी पीड़ा जाहिर की है। तबादलों के नाम पर भ्रष्टाचार करने और लाखों रुपए लेने के आरोप शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान पर लगाए गए हैं। पोस्टर किसने लगाए हैं, इसकी जानकारी नहीं है।

**आनन-फानन में हटाए गए पोस्टर्स**

उधर, मंगलवार सुबह प्रदेश मुख्यालय पहुंचे कर्मचारियों ने इन पोस्टर्स को देखा तो होश उड़ गए। उन्होंने कांग्रेस के बड़े नेताओं को इसकी सूचना दी। आनन-फानन में ये पोस्टर हटवाए गए। फिलहाल




जाहिदा खान का इसको लेकर किसी तरह का कोई बयान सामने नहीं आया है।

**दिनभर रहती है चहल-पहल**

दिन के समय पीसीसी के बाहर चहल-पहल रहती है। आसपास कई दुकानें हैं। इनमें सीसीटीवी हैं। रात के समय दुकानें बंद रहती हैं। इसलिए पोस्टर लगाने के लिए रात का समय चुना गया। पोस्टर लगाने वाले ने खुद को दुखी शिक्षक लिखा है। कहीं गरीब किसान का बेटा लिखा है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के बाहर मंत्री-नेताओं के खिलाफ पहले भी पोस्टर लगते रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट वितरण के समय असंतुष्ट नेताओं ने भी कांग्रेस मुख्यालय में पोस्टर लगाए थे। पोस्टर्स पर पैसे लेकर टिकट देने के आरोप लगाए गए थे। कुछ दिन पहले जलदाय मंत्री महेश जोशी के खिलाफ एक युवक ने पीसीसी मुख्यालय में धरना दिया था। उस युवक ने महेश जोशी पर भी पैसे को लेकर आरोप लगाए थे। बाद में मामला थाने तक पहुंचा था और मुकदमा दर्ज करवाया था।

## राजस्थान में साइबर सेफ्टी के लिए 18 करोड़ की लागत से बनेगी लैब के मंजूरी दी

**जयपुर।** राजस्थान की जनता को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लगाकार सौगात दे रहे हैं और इसी कड़ी में



मंगलवार को सीएम ने प्रदेश के लिए कई अहम स्वीकृतियां जारी की है। जानकारी के मुताबिक सीएम गहलोत ने साइबर सुरक्षा के लिए एक राज्यस्तरीय लैब बनाने को मंजूरी दी है। वहीं भरतपुर के सैदपुरा में उप तहसील का गठन करने के साथ ही जयपुर के कोटखावदा के देहलाला में नई पुलिस चौकी बनाने के प्रस्ताव पस सहमति दी है। वहीं राजस्थान सरकार ने विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना के प्रारूप को भी मंजूरी दी है।राजस्थान में साइबर सुरक्षा को अधिक मजबूत बनाने की दिशा में राज्य स्तर पर अब एक साइबर सुरक्षा लैब स्थापित की जाएगी जिसके लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लैब स्थापना और 18.40 करोड़ रुपए के उपकरणों की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

**गैंगस्टर राजू ठेहट मर्डर मामला**

## आनंदपाल की बेटी चीनू सहित फरार 8 आरोपियों को पकड़ने की इनाम राशि बढ़ाई

**सीकर।** सीकर में हुए गैंगस्टर राजू ठेहट मर्डर मामले में पुलिस मुख्यालय की ओर से फरार चल रहे 8 अपराधियों की गिरफ्तारी के



लिए 50-50 हजार रुपए इनाम की राशि घोषित की गई है। इससे पहले इन पर मामले में 25-25 हजार रुपए की इनाम राशि घोषित की गई थी। इस संबंध में एडीजी क्राइम दिनेश एमएन की ओर से मंगलवार को आदेश जारी किए गए हैं। एडीजी दिनेश एमएन ने आदेश जारी करते हुए बताया कि थाना उद्योग नगर जिला सीकर में पिछले साल 3 दिसम्बर को दर्ज राजू ठेहट हत्याकांड में शामिल अभियुक्त अमरजीत सिंह विश्नोई पुत्र लीलू राम व सरजीत विश्नोई पुत्र लीलू राम निवासी रीको औद्योगिक क्षेत्र थाना बिछवाल जिला बीकानेर, ईश्वर कुमावत पुत्र छगन लाल निवासी थाना रानोली जिला सीकर, चरणजीत सिंह उर्फ चिन्नू पुत्री आनन्द पाल सिंह निवासी थाना जसवंतगढ़ जिला नागौर, सुभाष मुंड उर्फ सुभाष बराल पुत्र हरफूल निवासी रानोली जिला सीकर, राजकुमार प्रजापति पुत्र गिरधारी लाल निवासी थाना सदर भिवानी हरियाणा, नवीन उर्फ बॉक्सर पुत्र विजेंद्र निवासी थाना सदर भिवानी हरियाणा और सुभाष बानूड़ा पुत्र बलवीर निवासी थाना जीणमाता पर 50-50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है।

## अजित अगरकर इंडियन क्रिकेट टीम के चीफ सिलेक्टर बने

*स्टिंग ऑपरेशन के कारण हटे चेतन शर्मा की जगह ली, 5 महीने से खाली था पद*



**मुंबई।** पूर्व तेज गेंदबाज अजित अगरकर टीम इंडिया की सिलेक्शन कमेटी के नए चेयरमैन बनाए गए हैं। इउउक ने मंगलवार रात को जारी एक मीडिया ब्रीफ में इसका ऐलान किया।बोर्ड ने लिखा, 'अगरकर को टेस्ट मैचों में सीनियरिटी के आधार पर चीफ सिलेक्टर बनाया गया है।'

**पहले से तय था अगरकर का चीफ सिलेक्टर बनना**

बोर्ड ने अगरकर को चीफ सिलेक्टर बनाने की तैयारी पहले ही कर ली थी। आगे 2 पॉइंट्स में पढ़िए वे 2 संकेत, जिनके कारण अगरकर का हेड सिलेक्टर बनना तय माना जा रहा था।

## दौसा, झुंझुनूं में 4 इंच तक बारिश: घरों में भी भरा पानी

**जयपुर।** राजस्थान में मंगलवार को भी बारिश का दौर जारी रही। सुबह दौसा जिले के सिकराय उपखण्ड में करीब डेढ़ घंटे में 4 इंच बारिश हुई। वहीं, जयपुर, झुंझुनूं, अलवर में भी बारिश हुई। जयपुर के शाहपुरा और झुंझुनूं के पिलानी में करीब 2 इंच बारिश हुई। पिलानी में लोगों के घरों में पानी भी भर गया। राजस्थान में दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखा गया। पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, दौसा, धौलपुर एरिया में कई जगह दोपहर बाद आसमान



में बादल छाए और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई। अलवर, झुंझुनूं में कई जगह तेज बारिश हुई। झुंझुनूं के पिलानी में करीब आधा घंटा तेज बारिश के बाद सड़कें पानी से भर गई। अलवर के बहरोड़, नीमराणा, शाहजहांपुर एरिया में भी शाम करीब 4-5 बजे के बीच बारिश शुरू हो गई। जयपुर में भी दिनभर उमस के बाद शाम करीब 4 बजे मौसम में बदलाव आया और कई जगह हल्की बूंदाबांदी हुई।

## अजित पवार ने कल NCP की मीटिंग बुलाई: कहा- सभी सांसद, विधायक और नेता पहुंचें

**मुंबई।** बंगला डिप्टी CM अजित पवार को अलॉट किया गया है। यहीं पर उनका नया दफ्तर बनेगा। समर्थक पहुंचे तो उन्हें चाबी नहीं मिली।

महाराष्ट्र में शिवसेना के बाद अब NCP भी दो गुटों में बंट गई है। पहला शरद पवार गुट और दूसरा अजित पवार ग्रुप। दोनों ने अपनी ताकत दिखाने के लिए कल यानी बुधवार को बैठक बुलाई है। 2 जुलाई को 8 विधायकों के साथ शपथ लेने के बाद अजित पवार और बाकी बागियों को शरद पवार ने NCP से निकाल दिया था। इसके बाद अजित पवार ने अपनी नई पार्टी बना ली। अजित ने मंगलवार को मुंबई में मंत्रालय के सामने अपने नए पार्टी दफ्तर का ऐलान किया और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कैबिनेट मीटिंग में भी शामिल हुए। इसके बाद अजित पवार ने सभी ठउढ सांसदों, विधायकों, विधानसभा परिषद के सदस्यों, पार्टी पदाधिकारियों और नेताओं को मंगलवार को बांद्रा के MET पहुंचने को कहा है।

शरद पवार ने भी मंगलवार को वाईबी चव्हाण सेंटर यानी NCP दफ्तर



में पार्टी की मीटिंग की। इसमें कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले मौजूद रहीं। बुधवार को भी यहीं मीटिंग होगी। NCP के दोनों गुटों के अलावा शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) और कांग्रेस ने भी बैठकें बुलाईं। महाराष्ट्र के डिप्टी उट अजित पवार और NCP के उनके सहयोगी मंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार कैबिनेट बैठक के लिए मंत्रालय पहुंचे।

1. अजित के दफ्तर के उद्घाटन पर हुआ हंगामा

अजित पवार के नए पार्टी दफ्तर के उद्घाटन से पहले वहां हंगामा हुआ। अजित पवार समर्थकों ने आरोप लगाया कि ढहऊविभाग ने उन्हें दफ्तर की चाबी नहीं सौंपी थी। इसलिए गेट को धक्का मारकर खोला गया। हालांकि, बाद में अजित वहां पहुंचे और पार्टी दफ्तर का उद्घाटन किया।\

2. प्रफुल्ल पटेल ने किया दावा- 51 विधायक भाजपा के साथ जाना चाहते थे, पवार ने रोका

प्रफुल्ल पटेल ने मंगलवार को दावा किया कि 2022 में 53 में से 51 NCP विधायकों ने शरद पवार से कहा था कि MVA सरकार गिरने के बाद भाजपा के साथ हाथ मिलाने की संभावना तलाशी जानी चाहिए। जयंत पाटिल भी इनमें से एक थे। पर शरद पवार ने सभी को ऐसा करने से रोक दिया।

3. कानूनी लड़ाई की तैयारी में शरद पवार

NCP संकट पर शरद पवार गुट के क्लाइड क्रैस्टो ने कहा, "अजित पवार गुट कानूनी दांव-पेच चल रहा है। हमें अपना काम करना होगा। ठउढ का मतलब अब भी शरद पवार ही है, घड़ी का चुनाव चिन्ह भी उनके पास है और वे अभी भी पार्टी के एक्टिव प्रेसिडेंट हैं।"

4. पूर्व उट पृथ्वीराज चव्हाण बोले- NCP की तस्वीर कल साफ होगी महाराष्ट्र के पूर्व उट-कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा- NCP के 53 विधायक थे, अगर 37 से ज्यादा विधायक अजित पवार के साथ जाते हैं तो दल-बदल कानून से बच सकते हैं। अगर 35 से कम रहे तो निलंबन तय है। जो शिवसेना के समय हुआ था, वही होगा। तस्वीर कल तक साफ होगी।

"सितारे का साथ-आपके हाथ"

अब पढ़े = कहीं भी, कभी भी

आपका पसंदीदा समाचार पत्र अब पढ़ सकेंगे मोबाईल और कंप्यूटर पर भी

अब अखबार ऑनलाइन वेबसाइट एवं व्हाट्सएप पर भी उपलब्ध

अगर आपको आपके दैनिक अखबार "गरीबों का सितारा" की प्रति प्राप्त नहीं हो रही है तो अब आप मैसेज करके एवं ऑनलाइन माध्यम से भी अखबार पढ़ सकते हैं...

Log in करें : www.garibonkasitara.com

अखबार की पीडीएफ प्राप्त करने के लिए आज ही अपना नाम और क्षेत्र हमें मैसेज करें... 8233553666, 9782527840, 9828853546 या बार कोड स्कैन करे...

।। सन् 1987 से प्रकाशित अखबार ।।

गरीबों का सितारा — निष्पक्ष कलम | निर्भीक आवाज

भारत व राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों हेतु स्वीकृत अखबार

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें...

राजेन्द्र शर्मा (प्रधान सम्पादक) Mob. 7733050125

क्षेत्र का नं. 1 अखबार
# अपना शहर
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
बुधवार, 5 जुलाई, 2023


पूर्वानुमान>

| | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम> | 33°c | 32°c | 30°c | 29°c |
| न्यूनतम> | 26°c | 26°c | 26°c | 26°c |

28°

जलदाय विभाग में तकनीकी कर्मचारियों की नई भर्ती की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

# रखी मांग : राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**5 जुलाई 2023 को प्रदेश कार्यालय ज्योति नगर जयपुर पर अतिआवश्यक मिटिंग कर करेंगे आंदोलन की घोषणा**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जलदाय विभाग मे पिछले 31 वर्ष से भी अधिक समय से तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती नहीं होने पर सोमवार को राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ द्वारा मुख्यमंत्री राजस्थान मुख्य सचिव मंत्री जलदाय विभाग और मुख्य अभियंता प्रशासन जन स्वास्थ्य अभि. विभाग जयपुर को ज्ञापन देकर तकनीकी कर्मचारियों की नई भर्ती की मांग की गई।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव ने बताया कि वर्ष 1992 के बाद विभाग में तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती नहीं की गई है, राज्य सरकार द्वारा पेयजल योजनाएं बड़े स्तर पर स्वीकृत की गई है परंतु तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती 31 वर्ष बाद एक भी पद पर नहीं की गई है




विभाग में करीब 30000 तकनीकी कर्मचारियों की आवश्यकता है। कर्मचारियों की भर्ती नहीं होने से अधिकांश कार्य अधिकारियों द्वारा ठेके पर करवाया जा रहा है जिससे कार्य की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है और आए दिन पेयजल सप्लाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, विभाग के अधिकारी जानबूझकर भर्ती नहीं करवाना चाहते है। विभाग में कार्यरत कर्मचारी धीरे-धीरे सेवानिवृत्त हो रहे हैं ।

विभाग में पंप चालक, फिटर , विद्युतकार , मीटर रीडर , स्टोरमुंशी , लाईनमैन , सहायक , बेलदार , चौकीदार के पदों पर भर्ती करवाया जाना बहुत आवश्यक है वर्ष 2012 में 1200 से अधिक तकनीकी कर्मचारियों की भर्ती की विभाग द्वारा विज्ञप्ति जारी की गई थी परंतु अब तक एक भी कर्मचारी की भर्ती नहीं हो पाई है जिससे कर्मचारियों मे भारी रोष व्याप्त हो रहा है। जलदाय विभाग में वर्षों से भर्ती नहीं होने के कारण लाखों आईटीआई किए हुए छात्र बेरोजगार घूम रहे हैं ।यादव ने विभाग में 15000 पदों पर एकसाथ अति शीघ्र भर्ती किए जाने की मांग की है, अगर विभाग द्वारा भर्ती नहीं की गई तो कर्मचारियों को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने 05 जुलाई 2023 को प्रदेश कार्यालय ज्योतिनगर जयपुर पर अतिआवश्यक मिटींग आहूत कर आन्दोलन की घोषणा करने पर निर्णय किया जावेगा। इस अवसर पर महेंद्र सिंह शेखावत उपाध्यक्ष, सहीदउदीन जिलाध्यक्ष जयपुर, बाबूलाल शर्मा प्रवक्ता, प्रभु सिंह रावत व्रत अध्यक्ष, गोकुल सिंह, भंवर पूनिया, मान प्रकाश सैनी सहित कई कर्मचारी नेता उपस्थित थे।

## पंचाग

दिनांक: 05जुलाई 2023 बुधवार
विक्रम संवत2080 श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | द्वितीया | 10:01:35 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | श्रवण | 26:55:01 |
| योग | वैधृति | 07:46:06 |
| योग | विश्कुम्भ | 27:47:02 |
| करण | गर | 10:01:35 |
| करण | वणिज | 20:14:31 |
| चन्द्र राशि | मकर | |
| सूर्य राशि | मिथुन | |

दिशा शूल उत्तर
सूर्योदय(जयपुर) 05:39:11
सूर्यास्त 19:23:31
चंद्रोदय 21:31:22
चंद्रास्त 07:19:29
राहू काल 12:31 - 14:14

**शुभ चोघडिया**

| | | |
|---|---|---|
| लाभ | 05:39 - 07:22 | शुभ |
| अमृत | 07:22 - 09:05 | शुभ |
| शुभ | 10:48 - 12:31 | शुभ |
| चर | 15:57 - 17:40 | शुभ |
| लाभ | 17:40 - 19:24 | शुभ |



**विशेष जानकारी**
फल द्वितीया:-आज
चतुर्थी व्रत:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## मतदान केन्द्रों पर मतदान करने के लिए लोगों को किया जा रहा जागरूक



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सैपऊ/अंकित गोयल।** चुनाव आयोग द्वारा स्वीप कार्यक्रम जिला कलेक्टर के निर्देशन में मतदान केंद्रों पर दिनांक 04/07/2023 को 438 लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नगला हरलाल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिघोरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भदियाना राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुर राजकीय प्राथमिक विद्यालय जहांगीरपुर कला में ईवीएम का प्रदर्शन किया गया जिसमें लोगों को बताया गया वोट किस तरह डालते हैं चुनाव से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी प्रभारी हरेंद्र सिंह मीणा भय मुक्त होकर एवं किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आएं मतदान करने के लिए जागरूक किया सह प्रभारी टीकम सिंह जाट बीएलओ बैजनाथ जगदीश प्रसाद राम प्रसाद अशोक कुमार बाल कृष्ण बनवारी लाल बाबूलाल उपस्थित रहे।



## मोदी की 9 वर्ष की उपलब्धियों की प्रबुद्धजनों को वृहद स्तर पर की बुक भेंट



सितारा न्यूज नेटवर्क



**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** केंद्र की मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुचानें हेतु चल रहे महासम्पर्क अभियान के अन्तर्गत सम्पर्क से समर्थन कार्यक्रम में मंगलवार को वृहद स्तर पर भाजपा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक देवीशंकर भूतड़ा ने शहर के प्रबुद्धजनों से सम्पर्क कर उपलब्धियों की बुक भेंटकर सभी प्रबुद्धजनों से आग्रह किया इन उपलब्धियों के बारे में आमजन में चर्चा कर वर्ष 2023 में विधानसभा व 2024 में लोकसभा चुनावों में भाजपा की सरकार बनें इस हेतु समर्थन व सहयोग पर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान साथ में मण्डल अध्यक्ष नरेश मित्तल, किसान मोर्चा जिला महामंत्री सन्तोष दगदी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष भूदेव आर्य, मण्डल उपाध्यक्ष नवल मुरारका, बुद्धराज शर्मा, सुनील बोहरा, मुकेश घावरी व महेन्द्र गौड थे। कृषि उपज मंडी में व्यापारी रामकिशोर झंवर, राजेन्द्र गोड़, विकास ठाकुर, महावीर मकाणा, राजेन्द्र तातेड़, कार्तिक झंवर, पिंचू सोमानी, नवनीत भराडिया, बालकिशन गांधी, कृष्ण मुरारी पारीक, महावीर समदरिया, अनिल चोपड़ा, गौतम छलानी, कमल मालपानी, राकेश पीपाड़ा, पवन खींचा, रामचंद्र चौधरी, सुनील बुरड़, श्याम बिहारी हेड़ा, रमेशचन्द्र टवाणी, कपिल धूत, अजय धूत, सुर्यप्रकाश झंवर, सचिन खाबीया, शरद रावंका के साथ ही आदर्शनगर, गायत्री नगर व देलवाड़ा रोड पर विष्णु बंसल, अशोक टांक, भंवरलाल चोधरी, गोविंद प्रसाद सैन, कांता प्रशाद चौहान, ओम प्रकाश शर्मा, जगदीश प्रसाद यादव, भगवानसिंह राजपुरोहित, सत्यनारायण माहेश्वरी, शिवरतन चौहान, सुरेश टांक, जगदीश झवर सहित सभी प्रबुद्धजनों को पुस्तिका देते हुए ब्यावर क्षेत्र में पत्रक भी वितरण किए।

## नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया भव्य स्वागत



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बस्सी ( रामफूल मीणा )** । भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच का सवाई माधोपुर प्रवास के दौरान बस्सी में भाजपा नेता नारायण मीणा एवं हेमन्त मीना ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष ने कांग्रेस सरकार को राजस्थान से जड़ से उखाड़ फेंकने का युवाओं से आह्वान किया और उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों,दलितों,आदिवासियों पर अत्याचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है,चारो तरफ लूट मची है, भ्रष्टाचार चरम पर है,सरकारी कार्यालय सोना उगल रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री शुभम शर्मा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष मूलचन्द मीना,कृष्ण बलेसरा,मुकेश भाखरी,नगर मंडल उपाध्यक्ष हरीमोहन पटेल,मुकेश बारागाव,रोहित मांड्या,पीयूष शर्मा,ज्ञान प्रकाश शर्मा,कृष्ण मीना,भवानी सिंह,सत्यनारायण सोलंकी,शिव रतन मीना, चंद्र मोहन बंडोलाव सहित अनेक कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## राजस्थान युवा महोत्सव 19 से, रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 09 जुलाई



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** राजस्थान युवा बोर्ड (युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार के संशोधित आदेशानुसार राजस्थान युवा महोत्सव का आयोजन आगामी 19 जुलाई को राबाउमावि छावनी रोड ब्यावर में होगो इस संबंध में मंगलवार को स्थानीय विद्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सीमा कृपलानी ने की। इस बैठक में प्रधानाचार्य महेश शर्मा, दिनेश कुमार, अर्जुन केन, रोहित जैन, सुनीता चौधरी, आशा संत, हेमलता चौहान, अर्चना पाटनी एवं उपार्य मीरा वर्मा उपस्थित थे। ब्लॉक स्तरीय इस आयोजन में सामूहिक लोक नृत्य, लोक गायन, नाटक, शास्त्रीय नृत्य, भरतनाट्यम, ओडिसी, मणिपुरी, कुचिपुडी, शास्त्रीय एकल गायन (हिन्दुस्तानी गायन), आशु भाषण, समूह चर्चा (पैनल डिस्कशन), स्लोगन, कविता लेखन, शास्त्रीय वादय यन्त्र सितार, बांसुरी, तबला, मृदंगम वीणा हारमोनियम, गिटार, चित्रकला (पोस्टर बनाना, मिट्टी माडलिंग, भिती चित्र, तुप्त) एवं दुर्लभ कला (रावण हत्था, समत अलगोजा, नाण्डणा, भित्ती चित्र कठपुतली, खड़ताल, मोरचंग, भपंग) से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन होगा विभिन्न प्रतियोगिताओं में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 09 जुलाई रहेगी। रजिस्ट्रेशन की हार्ड कॉपी 16 एवं 17 जुलाई को प्रातः 08:00 बजे से सांय 05:00 बजे राबाउमावि छावनी रोड ब्यावर में जमा की जाएगी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन राजस्थान युवा बोर्ड की वेबसाईट पर किया जा सकेगा ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के पश्चात जिला एवं राज्य स्तरीय सामूहिक प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समूह को कमशः 20.000, 15,000 एवं 10,000 रुपये की राशि तथा एकल प्रतियोगिता में कमशः 5000, 3000 एवं 2000 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।

होगा शुभारम्भ...

## नगरीय एवं विकास मंत्री 9 जुलाई को करेंगे 'कोटा चौपाटी' का लोकार्पण

'जयपुर चौपाटी' की तर्ज पर बनी 'कोटा चौपाटी' में आमजन को एक छत के नीचे मिल सकेंगे लजीज व्यंजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर/कोटा।** जयपुर चौपाटी की तर्ज पर बनी 'कोटा चौपाटी' में आमजन 9 जुलाई से लजीज व्यंजनों के चटकारे एक छत के नीचे ले सकेंगे। नगरीय एवं विकास मंत्री शांति धारीवाल 9 जुलाई सायं 7 बजे चौपाटी आमजन को समर्पित करेंगे। इससे पहले चौपाटी का शुभारंभ 28 जून को होना था लेकिन अपरिहार्य कारणों के चलते कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था।




आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि जयपुर के मानसरोवर और प्रताप नगर में बनी 'जयपुर चौपाटी' राजधानी के स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के लिए हॉट डेस्टिनेशन बन चुकी है। कोटा में विकसित 'कोटा चौपाटी' भी शहर के लिए लैंडमार्क साबित होगी। उन्होंने कहा कि कोटावासी चौपाटियों पर 3 दर्जन से ज्यादा व्यंजन व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। अरोड़ा ने बताया कि कोटा चौपाटी में कुल 17 दुकानों एवं 4 कियोस्कों का निर्माण किया गया है, जहां इंडियन, इटालियन, कॉन्टिनेंटल व्यंजन आमजन के लिए उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि चौपाटी परिसर में म्यूजिक सिस्टम एवं म्यूजिकल बैंड के बीच व्यंजनों का स्वाद आमजन के लिए अविस्मरणीय रहेगा। गौरतलब है कि जयपुर स्थित प्रताप नगर और मानसरोवर में स्थापित चौपाटी के लजीज क्यूजीन और व्यंजनों के तो शहरवासी दीवाने हैं। चौपाटियों के शुरूआती 5 महीनों में अधिकतम फुटफाल के लिए तो मंडल को 2 अंतरराष्ट्रीय अवार्ड भी मिल चुके हैं।

## फिल्म मुख्य कलाकार बॉबी धवन का हुआ स्वागत

**वी.पी.मीणा बहरोड।** दिल्ली जयपुर हाइवे के गूँती फ्लाईओवर पर भीम आर्मी सेना की ओर से मंगलवार को फिल्मी दुनिया के मुख्य कलाकार बॉबी धवन का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार धवन बानसूर से दिल्ली लौटते समय बहरोड ठहरे जहां उनका भीम आर्मी सदस्यों के द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि



युवाओं को उनके लक्ष्य पर मेहनत करनी चाहिए। निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी। व युवाओं को फिल्म जगत में भी अपनी भूमिका अदा करने के लिए प्रेरित किया। व साथ ही बताया कि हमेशा युवाओं की मदद करूंगा। इस दौरान भीम आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौरडिया, उपाध्यक्ष राजा सारवान, मीडिया प्रभारी कृष्ण, मनजीत गुड्डू ,इकाई अध्यक्ष धर्मपाल, एडवोकेट दीवान सिंह, रविन्द्र, राकेश, प्रमोद, नेमीचंद, राहुल सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

## माचाड़ी कस्बे में इंदिरा रसोई खोलने की घोषणा के बाद ग्रामीण उद्घाटन के इंतजार में




सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के माचाड़ी कस्बे में राजस्थान सरकार के द्वारा इंदिरा रसोई चालू करने की बात करीब एक-डेढ़ माह पहले खण्ड विकास अधिकारी कालू राम मीणा द्वारा ग्रामीणो से बोली गई थी। इंद्रा रसोई चालू करने के लिए जगह भी सुनिश्चित कर ली गई लेकिन इंदिरा रसोई अभी तक धरातल स्तर पर चालू नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इंद्रा रसोई की जो जगह निश्चित की गई है उसका अभी तक कोई उद्घाटन भी नहीं किया गया है इसलिए ग्रामीण लोग इंद्रा रसोई के उद्घाटन के इंतजार में जगह-जगह पर करते हुए नजर आते हैं और कहते हुए सुना हैं कि इंद्रा रसोई का उद्घाटन ना जाने कब होगा। मीडिया कर्मी द्वारा जब इस सम्बन्ध मे इंदिरा रसोई संचालक दुर्गेश कंवर से बात की गई तो उन्होंने बताथा कि अभी तक मेरे पास तो सामान ही नहीं आया है इसलिए जैसे ही मेरे पास मे इसके लिए सामान आ जाएगा तुरंत ही रसोई चालू कर दी जाएगी। अतः माचाड़ी भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष किशन बटवाड़ा , कांग्रेस संगठन मंत्री लक्ष्मी नारायण सैनी , कबूल सैनी , आर.ड़ी सैनी , पूर्व वार्ड पंच धर्मी यादव , नागपाल शर्मा , चंदा योगी , रतन सैनी सहित अनेक गणमान्य ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री जी से व स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना से जल्द से जल्द इन्दिरा रसोई चालू करवाए जाने की मांग की है। मिडिया को यह सारी जानकारी नागपाल माचाड़ी के द्वारा दी गई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

साफ-सफाई के दिए निर्देश

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम द्वारा उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वरुण कामदार /रामगढ़ पचवारा ।** उपखंड पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एनसीपीसीआर, दिल्ली द्वारा मंगलवार को उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। और स्वच्छता रखने के निर्देश दिए। पंचायत समिति सभागार रामगढ पचवारा में बुधवार को सुबह 9 बजे 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के विभिन्न अधिकारों के संरक्षण संबंधित शिकायत निवारण शिविर / पीठ का आयोजन किया जाएगा। शिविर मे प्राप्त शिकायतों के तीव्र निस्तारण हेतु समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान एसडीएम मोहर सिंह मीणा, ,देवेंद्र कुमार, धर्मवीर सुनील, कृष्ण सैनी, उप जिला अस्पताल के प्रभारी लखन सिंह मीणा मौजूद रहे।

### आम जनता को उसका हक मिलें ये हमारी नैतिक जिम्मेदारी : सिंघल



सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां।** स्वामित्व योजना के नक्शों का अवलोकन व जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को ग्राम पंचायत जोरपुरा सुन्दरियावास के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में सरपंच कजोड़मल सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान आम जनता को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। सरकार की मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, पालनहार योजना,पशु आश्रय योजना,मुख्यमंत्री कन्यादान योजना,पेंशन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना समेत अनेक योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। इस दौरान सरपंच कजोड़मल सिंघल ने कहा कि आम जनता को सरकार की विभिन्न योजनाओं का समय पर लाभ मिले इसके लिए पुरा प्रयास किया जा रहा है। ग्राम विकास अधिकारी रणजीत सिंह भाटी ने कहा कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों को लेकर व आम जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए समय-समय पर जानकारी दी जा रही है। सरकार की स्वामित्व योजना का अवलोकन किया जाकर सर्वे किया जा रहा है। कनिष्ठ सहायक मोहन लाल प्रजापत ने नरेगा योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान विकास निर्माण कार्यों पर भी चर्चा की गई इस अवसर पर वार्डपंच बजरंग लाल लौछब,ई मित्र संचालक सुरेश बुरड़क, सुरक्षा गार्ड ओमप्रकाश मीणा, लालाराम लौछब समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

### स्टार्टर चालू करने गए युवक की करंट लगने से हुई मौत





सितारा न्यूज नेटवर्क

**वरुण कामदार ।** लालसोट के झापदा थाना अंतर्गत ग्राम संवासा में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक अपनी बुआ के सोमवार शाम गया हुआ था। रात में वह वहीं रुक गया। मंगलवार सुबह खेत में स्टार्टर चालू करने के दौरान करंट लगने से युवक की मौत हो गई। राजाराम सन ऑफ नारायण उम्र - 18वर्षे जाती मीना निवासी बड़ी कोठी रामगढ़-पचवारा जो कि बुआ के ससुराल गया था। मृतक युवक के पिता ने बताया कि मंगलवार सुबह सुचना मिली कि 6 बजे के लगभग मोटर चलाने गया था जिस दरम्यान स्ट्रॅाटर में कस्ट लगने मेरा पुत्र राजाराम घायल हो गया। रामगढ़ पचवारा से परिवारजनो के साथ संवासा गये वहां से घायल अवस्था मे रामगढ़-पचवारा उपजिला हास्पिटल लेकर आये तो डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। जिसका पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक स्थलों पर हुए कार्यक्रम

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** सोमवार को आषाढ़ माह की गुरु पूर्णिमा के दिन अलसुबह ही महिलाओ द्वारा गांव में बने शिव मंदिर पर हरजस व गुरु महिमा के भजन गए, इस बड़े बुजर्गो ने बताया की वेदों के रचयिता महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था. सबसे पहले वेदों की शिक्षा महर्षि वेदव्यास ने ही दी थी इसलिए हिन्दू धर्म में उन्हें प्रथम गुरु का दर्जा दिया गया है. यही वजह है कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है.पूरे भारत में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है. गुरु पूर्णिमा को आषाढ़ पूर्णिमा और व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है. गुरु पूर्णिमा का यह पर्व महर्षि वेद व्यास को समर्पित है क्योंकि आज के दिन ही महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था. इस दिन शिष्य अपने गुरुओं की पूजा करते हैं. आइए जानते हैं कि गुरु पूर्णिमा क्यों मनाई जाती है।

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेद व्यास का आज से करीब 3000 वर्ष पूर्व जन्म हुआ था. मान्यता है कि उनके जन्म पर ही गुरु पूर्णिमा जैसे महान पर्व मनाने की परंपरा को शुरू किया गया. गुरु पूर्णिमा महोत्सव पूरी तरह से महर्षि वेदव्यास को समर्पित है. हिंदी पंचांग के अनुसार, हर साल आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा का त्योहार मनाया जाता है।

अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए चलाया सफाई अभियान

# सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की अट्ठारह सफाई कर्मियों को सौंपी जिम्मेदारी

सितारा न्यूज नेटवर्क





**वरुण कामदार /रामगढ़ पचवारा।** नवसृजित नगर पालिका क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर साफ सफाई अभियान का मंगलवार को शुरू हुआ ` इससे पूर्व ग्राम पंचायत की जिम्मेदारों की अनदेखी से सफाई व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी थी। ग्रामीणों ने चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा को कस्बे में साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग की थी। और ग्रामीणों ने चिकित्सा मंत्री को बताया कि किस कदर कस्बे में जगह-जगह जमा गंदगी व कचरे के ढेर लगे हुए हैं। जिम्मेदार पूरी तरह बेपरवाह बने हुए है। कस्बों में हालात काफी बदतर होने लगे हैं। रामगढ़ पचवारा को उपखण्ड मुख्यालय का दर्जा मिलने के सालों गुजरने के बाद भी यहां नियमित सफाई व्यवस्था का अभाव बना हुआ था। नालियां कीचड़ से अवरुद्ध हो गई है और गंदा पानी रोड पर बह रहा है। और नगरपालिका रामगढ़ पचवारा की अधिसूचना भी जारी हो चुकी थी। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने साफ सफाई व्यवस्था जल्द से जल्द दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी को नगर पालिका रामगढ़ पचवारा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया। अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी ने नगर क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं नगर का सवार्गीण विकास करना अपनी मुख्य प्राथमिकता बताई। अधिशासी अधिकारी ने पदभार ग्रहण करने के 5 दिन बाद भी क्षेत्र में फैल रही गंदगी और लग रही कचरे के ढेरों को उठाने और साफ सफाई व्यवस्था रोजाना सुचारू रूप से चलाने के लिए अट्ठारह सफाई कर्मियों को लगाकर साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उप प्रधान सूरज कटारा ने भी नाराज चल रहे सफाई कर्मियों से बातचीत कर समझाइश की। जिसके पास सफाई व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर सफाई कर्मियों ने साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर संकल्प लिया और साफ सफाई कार्य चालू किया। इस दौरान उप प्रधान सूरज कटारा, रघुनंदन शर्मा, बाबूलाल , मौजूद रहे।

## महावीर इंटरनेशनल डायमंड ने किए बेबी किट वितरण



सितारा न्यूज नेटवर्क



**ब्यावर (अनिल सिखवाल) ।** महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र के तत्वधान में पूर्व जॉन सचिव सुशील छाजेड़ के अनुसार महावीर इंटरनेशनल के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर नवजात बच्चों को संक्रमण से बचाने हेतु पूरे भारत में महावीर इंटरनेशनल के केंद्रो द्वारा बेबी किट का वितरण किया जा रहा है जिससे नवजात शिशु को हॉस्पिटल में संक्रमण से बचाया जा सके। डॉक्टर सी.एल.परिहार ने बताया की इस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर विद्या सक्सेना,डॉक्टर पी एम बोहरा के द्वारा नवजात शिशु की माताओं को देकर किया गया ।डॉक्टर विवेक शर्मा ने बताया की इसके उपयोग से बच्चा संक्रमण से बचेगा एवम स्वस्थ रहेगा इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव वीर गौतम संचेती, वीर कमल खाब्या, वीर लालित कावड़िया, वीर आशीष डोसी, वीर शान्तिलाल रांका,वीर नरेश बंसल पूर्व जॉन सचिव वीर सुशील छाजेड़ उपस्थित थे।

रामगढ़ पचवारा पुलिस थाने में भी हुई एफआईआर दर्ज

## जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में हुआ खूनी संघर्ष

दोनों गुटों के कई लोग घायल, उपचार के लिए उप जिला अस्पताल में लाया

सितारा न्यूज नेटवर्क



**संघर्ष का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल**

**वरुण कामदार।** रामगढ़ पचवारा थाना क्षेत्र के रालावास गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर खूनी संघर्ष हुआ दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे भांजे गए और पत्थर फेंके गए खूनी संघर्ष में कई लोग चोटिल हुए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया झगड़े का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है , जो सुर्खियां बटोर रहा है । झगड़ा सोमवार सायंकाल का बताया जा रहा है,हालांकि मामले को लेकर रामगढ़ पचवारा थाने में एफ आई आर भी दर्ज करवाई गई है जिसको लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। एफ आई आर में एक पक्ष का आरोप है 9 जून को रेवेन्यू एजेंसी और पुलिस की मौजूदगी में जमीन पर पत्थर गढ़ी हुई थी उसके बावजूद भी दूसरा पक्ष जमीन पर कब्जा करने के लिए आमदा है जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई तो मारपीट पर उतारू हो गए एफ.आई.आर. में हवाला दिया गया जमीन पर स्थगन आदेश लिया हुआ है साथ ही उन्हें पाबंद भी करवाया गया है लेकिन उसके बावजूद भी दूसरा पक्ष झगड़े पर उतारू है।

### दिव्यांग सेवा जनजागृति यात्रा आज

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** सभी प्रकार की दिव्यांगता को वहन करने वाले भगिनी-बंधुओं की सेवा को राष्ट्र व मानवता के कल्याण का एक अनुपम अवसर का सौभाग्य मानने वाली अखिल भारतीय संस्था की राजस्थान इकाई की ओर से जन-जागरण, जन-सहयोग और जन-भागीदारी के एक प्रयत्न के रूप में एक यात्रा का आयोजन हो रहा है। सक्षम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ क्षमाशील गुप्त ने बताया कि यह रथ भीलवाडा से होते हुए आज बुधवार को सायं 5 बजे ब्यावर पहुँच रहा है` ब्यावर पहुँचने पर एक स्वागत कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें सक्षम संस्था के प्रदेश संगठन मंत्री कमल भाईसाहब का पाथेय प्राप्त होने वाला है` साथ ही सायं 5 से 7 बजे तक 500/- से अधिक की सहयोग राशि देने वाले दिव्यांग मित्रों का सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा ।

## बीलेटा ग्राम पंचायत में डे-नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ समापन

सितारा न्यूज नेटवर्क





**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीलेटा मुख्यालय पर 03 जुलाई 2023 को सोमवार को देर रात मे नाईट टुनार्मेन्ट का समापन हुआ।

ग्राम बीलेटा में बीलेटा किक्रेट क्लब के सौजन्य से 14/06/2023 से मैच प्रारंभ हुआं जिसमें 64 टीमों ने भाग लिया यह मैच आरसीसी के अन्दर नियमानुसार हुआ जिसमें फाईनल मैच चांदोली ५/२ खुदनपुरी के बीच हुआं ।जिसमें प्रथम विजेता चांदोली 51 हजार रुपए मय ट्राफी एवं उपविजेता खुदनपुरी 21 हजार रुपए तथा तृतीय विजेता बीलेटा 71 सौ रुपए व चतुर्थ विजेता 51 सौ रुपए ट्रॉफी से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में आदिवासी सेवा संघ प्रदेशाध्यक्ष अमर चंद फौजी , पूर्व नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र मीना , रैणी प्रधान प्रतिनिधि मांगेलाल मीना , पूर्व प्रदेश महासचिव राहुल मीना अलेई , बबेली सरपंच गब्बर सिंह मीना , स्थानीय सरपंच नवल किशोर गुर्जर , उपसरपंच बाबूलाल शर्मा गुगडौद्र , धोली खान सहित सभी वार्ड पंच सहित अनेक गणमान्य ग्रामवासी मौजूद थे। काफी संख्या में भीड़ थी समस्त ग्राम वासियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। सरपंच गुर्जर ने पधारे समस्त किक्रेट टीम व दर्शकों का ग्राम पंचायत बीलेटा की ओर से आभार व्यक्त किया ।यह सारी जानकारी इकबाल खां व अक्षय कुमार शर्मा के द्वारा एवं स्थानीय सरपंच नवल किशोर गुर्जर के द्वारा दी गई है।

### माडा छात्रावास में प्रवेश शुरू, 10 तक ऑनलाइन आवेदन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर/बिन्टू कुमार।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट में नारायणपुर तहसील में राजकीय जनजाति बालक आश्रम छात्रावास की घोषणा कर बड़ी सौगात दी थी। उधोग एवं देवस्थान मंत्री शकुन्तला रावत के प्रयास से नारायणपुर में राजकीय छात्रावास में सत्र 2023-24 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू करा दी गई है। छात्रावास वार्डन सुमेर सिंह मीना ने बताया कि माडा छात्रावास में प्रवेश के लिए छात्र विभागीय वेबसाइट पर जाकर अपनी एसएसओ आईडी से आवेदन कर सकते हैं या सीधे वार्डन से सम्पर्क कर प्रवेश ले सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई है।

अलवर कलेक्टर को प्रशासनिक स्वीकृति व वित्तीय स्वीकृती जारी करने के लिए दिए अति आवश्यक निर्देश

# आदर्श पंचायत बहड़को कलां के विकास कार्यो के लिए मंत्री भूपेंद्र यादव ने 54 लाख रुपए की अनुशंसा की

भारत सरकार के मंत्री भूपेन्द्र यादव ने की (सांसद कोष से) स्वीकृति जारी कराने को लेकर की अनुशंसा

सितारा न्यूज नेटवर्क



**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र की आदर्श ग्राम पंचायत-बहड़को कला के विकास कार्यो के लिए भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार , वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अपने सांसद कोष से 54 लाख रुपए की अनुशंषा जारी कर अलवर कलेक्टर को आदेश क्रमांक- एमपी लेड/2023/41 दिनांक 30 जून 2023 के द्वारा निर्देशित किया है कि अतिशीघ्र प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृती जारी कर आदर्श पंचायत बहड़को कला मे 54 लाख रुपए के विकास कार्य करावे। मिडिया को स्थानीय सरपंच हरि प्रसाद मीना( सरपंच संघ अध्यक्ष-रैणी ) के द्वारा बताया कि मंत्री भूपेन्द्र यादव के आशिर्वाद से ही मेरी पंचायत को आदर्श पंचायत का दर्जा दिया गया है जिसके लिए मै सदैव मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभारी रहूंगा और मिडिया को सरपंच मीना के द्वारा यह भी बताया गया है कि जब हमारी पंचायत के ये 54 लाख रुपए के विकास कार्य पूर्ण करा दिए जायेगे तो तुरंत ही भारत सरकार द्वारा मंत्री द्वारा 46 लाख रुपए के विकास कार्य फिर से दे दिए जायेगे । इस तरह से हमारी आदर्श पंचायत को भारत सरकार के मंत्री भूपेन्द्र यादव के प्रयास से एक करोड़ रुपए विकास कार्यो के लिए दिए जाएंगे मै उनका आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित करता हू। सरपंच मीना ने मिडिया को बताया कि 15 लाख रुपए बहड़को कला मे औषधालय के सामने सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए है और बहड़को कला मे 08 लाख रुपए कानेटी रोड से भोमिया बाबा की तलहटी तक सड़क निर्माण कार्य के लिए एवं 05 लाख रुपए चून्दाला गांव की स्कूल के खेल मैदान की चार दीवारी के लिए दिए है और इसी तरह से 06 लाख रुपए बहड़को कला मे जोहड मे हरिजन कुऐ के पास बोरिंग मय कनेक्शन के लिए दिए है व बहड़को मे 10 लाख रुपए ब्राह्मण वाला कुऐ से अमाला मन्दिर कुऐ तक सड़क निर्माण कार्य के लिए दिए है एवं इसी तरह से 10 लाख रुपए बहड़को कला मे होली वाले कुऐ के पास निर्मित भवन मे ई-लाईब्रेरी कार्य के लिए दिए गए है। जैसे ही ये सारे विकास कार्य पूरी तरह से पूर्ण हो जायेगे तो 46 लाख रुपए अन्य दूसरे विकास कार्य के लिए जारी कर दिए जायेगे। मिडिया को यह सारी जानकारी स्थानीय सरपंच हरि प्रसाद मीना के द्वारा दी गई है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# आतंक के खिलाफ लड़ाई का मंच बने एससीओ

आज आतंकवाद बड़ा वैश्विक मुद्दा है। आतंकवाद के कई रूप भी हो गए हैं। साइबर टेररिज्म, टेरर फंडिंग, ड्रग्स तस्करी से लेकर कट्टर मजहबी आतंकवाद तक, सभी वैश्विक शांति व सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। भारत लगभग चार दशक से इस सभी प्रकार के आतंकवाद से पीड़ित रहा है। इसलिए वह हर वैश्विक मंच से आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाता है और इसके खिलाफ सामूहिक एक्शन प्लान की मांग करता है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भी पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्लोबल आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की वकालत की है। बिना पाकिस्तान का नाम लिए पाक पीएम शाहबाज शरीफ व चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मौजूदगी में पीएम ने आतंकवाद को क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए प्रमुख खतरा बताते हुए एससीओ से सीधे दोनों नेताओं को संदेश दिया। आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए निर्णायक कार्रवाई जरूरी है और ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। आतंकवाद चाहे किसी भी रूप में हो, किसी भी अभिव्यक्ति में हो, हमें इसके विरुद्ध मिलकर लड़ाई लड़नी होगी। आतंकवाद के वित्त पोषण को रोकने के लिए भी एससीओ को एक मैकेनिज्म बनाना चाहिए। एससीओ सदस्य देशों के युवाओं के बीच कट्टरता के फैलाव को रोकने के लिए और सक्रिय रूप से कदम उठाए जाने चाहिए। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से होकर गुजरने वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को लेकर भी भारत कड़ी आपत्ति करता रहा है। एससीओं की इस बैठक में भारत, रूस, चीन, पाकिस्तान के अलावा कजाकिस्तान, किर्गिजिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और ईरान ने भी हिस्सा लिया है। भारत का मानना है कि एससीओ का कंसर्न अफगानिस्तान को लेकर भी होना चाहिए और वहां की भूमि का पड़ोसी देशों में अस्थिरता फैलाने, या चरमपंथी विचारधाराओं को प्रोत्साहन देने के लिए इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। यह सीधा चीन व पाक को संदेश है, जो अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के साथ सहज हैं। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने एससीओ के मंच से क्षेत्रीय शांति और साझी सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है, लेकिन यह तभी संभव है जब चीन खुद अपने पड़ोसियों की संप्रभुता का सम्मान करे, सीमा पर भरोसा पैदा करे और आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति रखे। आतंकवाद पर चीन का दोहरा रवैया, सीमा पर चीनी आक्रामकता, छोटे देशों पर बुरी नजर और ट्रेड डंपिंग नीति के चलते चीन ने खुद ही अपना भरोसा खोया है। ऐसे में एससीओ की सफलता तभी है, जब सदस्य देश एक लक्ष्य के साथ काम करे। एससीओ में ट्रेड सहयोग बढ़ाने, शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने की काफी क्षमता है, इसके लिए परस्पर भरोसा व सामूहिक हितों को पोषण व संरक्षण जरूरी है। संयोगवश भारत एससीओ शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भी ऐसे वक्त में संभाल रहा है, जब वह पहले से ही जी-20 की कमान संभाले हुए है। एससीओ की अध्यक्षता भारत के पास अपनी ग्लोबल लीडरशिप प्रदर्शित करने का एक शानदार अवसर है। भारत ने एससीओ में सहयोग के पाँच नए स्तंभ बनाए हैं जिसमें स्टार्टअप एवं नवाचार, पारंपरिक औषधि, डिजिटल समावेशिता और युवा सशक्तीकरण, साझी बौद्ध धरोहर शामिल हैं। एससीओ के मंच से जहां चीन ने बोर्डर रोड इनीशिएटिव प्रोजेक्ट की वकालत की है, वहीं भारत ने अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा पर जोर दिया। साफ है कि अभी एससीओ सदस्य ग्लोबल एजेंडे पर एकमत नहीं है। एससीओ को एक संगठन के रूप में अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी। एससीओ को यूरेशियाई महाद्वीप का विकास, आर्थिक सुरक्षा और सहयोग, वैश्विक सुरक्षा, वैश्विक विकास और तकनीकी साझा करने आदि पर काम करना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई का मंच बनना चाहिए।

## फिल्म विवाद

प्रो. मनीषा शर्मा



# सनातन पौराणिक चरित्रों का स्तरहीन प्रस्तुतिकरण न हो

छह सौ करोड़ के भव्य बजट से निर्मित अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्मों में शुमार आदिपुरुष विवादास्पद तमाशा बनकर रह गई है। इस फिल्म के निर्देशन ओम रावत ने किया है और संवाद मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। इस फिल्म में जिस प्रकार से हमारे धार्मिक चरित्रों का प्रस्तुतीकरण हुआ है वह अत्यंत चिंताजनक है। चिंताजनक इसलिए कि इस देश में यही के लोगों के द्वारा किस तरह हमारी आस्था से, मान्यताओं से खिलवाड़ किया जा रहा है। दूसरी चिंता यह है कि हर बार इनके निशाने पर हिंदू धर्म ही क्यों होता है? हिंदू धर्म के देवी देवता ही क्यों? क्यों हर बार हिंदू धर्म और सनातन परंपरा और आस्था से खिलवाड़ ही इनके निशाने पर होता है? यह बात भी चिंता में डालती हैं। इंटरवल तक फिल्म में सुंदरकांड चलता है फिर लंका कांड और पूरी फिल्म अपने आप में एक स्तरहीन कांड बनकर रह जाती है सनातन धर्म व आस्था के खिलाफ। संगीत व गीतों के साथ संवाद अत्यंत खराब हैं। फिल्म के टीजर को देखकर ही लोगों ने काफी हो-हल्ला मचाया था, परंतु इस सबके बावजूद निर्देशक ओम राउत ने फिल्म में अपना ही दिमाग चलाया और किसी तरह का फेरबदल नहीं दिखाई देता। टीजर के ग्राफिक्स, स्पेशल इफेक्ट भी वैसे के वैसे हैं। इस फिल्म में राम कहीं भी राम नहीं लगते, बल्कि प्रभास बाहुबली का ही तृतीय संस्करण लगते हैं। 3 घंटे की फिल्म में भगवान राम के वनवास से रावण वध तक की कथा में रचनात्मक आजादी का इतना भयानक इस्तेमाल किया गया है कि चरित्रों के स्वरूप के साथ मनमाने प्रयोग कर उन्हें विकृत बना दिया गया है। तथ्यों से छेड़छाड़ कर सीता की जन्मभूमि ही बदल दी गई जिससे नेपाल में फिल्म बैन कर दी गई। 3 डी व वीएफएक्स का इतना स्तरहीन और भद्दा प्रयोग इससे पहले कहीं नहीं देखा। आदिपुरुष जैसी स्तरहीन फिल्म हमारी युवा पीढ़ी को क्या परोस रही है यह भी सोच का विषय है। क्या हमारी नई युवा पीढ़ी प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान जैसे चरित्र को इस विकृत रूप में देखेगी। हमने वह रामायण भी देखी है जिसे रामानंद सागर ने निर्देशित किया था। राम के स्वरूप में अरुण गोविल आज भी हमारे मन मस्तिष्क पर अंकित हैं। राम की जो छवि लोक मानस में अंकित है, वह अत्यधिक सौम्य है। हमारे वीर हनुमान भी ऐसे ही होंगे। रामायण का रावण ठहाके लगाकर हंसता जरूर था, परंतु उसकी आंखों में कभी सीता के लिए कोई वासना नजर नहीं आई। आदिपुरुष का रावण चमगादड़ पर बैठकर आता है उसका स्वरूप भी वीभत्स है। असंख्य रंग बिरंगी लाइट वाली तलवारें उसके हाथ में दिखती हैं जो हॉलीवुड के थानोस की कॉपी है। आदिपुरुष का राम पूरी फिल्म में क्रोध में है, ना उनके चेहरे पर राम का तेज है ना सौम्यता। वैसा ही प्रस्तुतीकरण सीता का है जो महज एक मॉडल के रूप में आई है। रामायण की लंका जो सोने की थी यहां काले रंग की है। यह फिल्म एक भटकी हुई फिल्म बन कर रह गई। अगर पैसा ही कमाना है तो पौराणिक कथाओं से छेड़छाड़ क्यों आप राम की जगह किसी को भी लेकर इस तरह की फिल्म बना देते। कई विषय है कोई रोकने वाला नहीं पर इतना स्तरहीन प्रस्तुतिकरण राम के लिए बर्दाश्त नहीं। राम जीवन में मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले हैं। धर्म के लिए,न्याय के लिए, जनकल्याण के लिए कार्य करने वाले हैं। राम हमारे लिए महज एक पौराणिक पात्र नहीं हमारी संस्कृति का आधार है और हमारी श्रद्धा का केंद्र है। अतः अभिव्यक्ति की आजादी और सृजनात्मकता की छूट के नाम पर, मनोरंजन के नाम पर अब सनातन धर्म, सनातन संस्कृति व सनातन मान्यताओं के उपहास का विरोध होना चाहिए। हमें एकजुट होकर आवाज उठानी होगी कि हमारी धार्मिक मान्यताओं का प्रस्तुतिकरण हमारी आस्था व विश्वास के अनुरूप हो।



(लेखिका अमरकंटक विवि में पत्रकारिता एवं जनसंचार में विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## सियासत

अवधेश कुमार

# महाराष्ट्र का घटनाक्रम स्वाभाविक

**महाराष्ट्र में कुछ दिनों में साफ होने लगा था कि राकांपा नेताओं का बड़ा समूह महाविकास अघाडी को बनाए रखने तथा विपक्षी एकता का भाग बनने की बजाय भाजपा और शिवसेना (शिंदे) समूह के साथ जाने का मन बना चुका है। यह मानना ठीक नहीं कि जो हुआ उसका पता शरद पवार को नहीं था। जब शपथ ग्रहण के पूर्व अजित पवार के घर पर सुप्रिया सुले भी पहुंची तो उन्हें पूरा घटनाक्रम का ज्ञान था। आज भाजपा पर अनैतिकता का आरोप लगाने वालों में से एक भी नेता ने तब यही बात नहीं कही जब भाजपा शिवसेना गठबंधन को बहुमत के बावजूद सरकार महाविकास अघाडी की बनाई गई। राज्य का वर्तमान घटनाक्रम कतई अचंभित करने वाला नहीं है।**

महाराष्ट्र का वर्तमान घटनाक्रम कतई अचंभित करने वाला नहीं है। कुछ दिनों में साफ होने लगा था कि राकांपा नेताओं का बड़ा समूह महाविकास अघाडी को बनाए रखने तथा विपक्षी एकता का भाग बनने की बजाय भाजपा और शिवसेना (शिंदे) समूह के साथ जाने का मन बना चुका है। यह मानना ठीक नहीं कि जो हुआ उसका पता शरद पवार को नहीं था। जब शपथ ग्रहण के पूर्व अजित पवार के घर पर सुप्रिया सुले भी पहुंची तो उन्हें पूरा घटनाक्रम का ज्ञान था। आज भाजपा पर अनैतिकता का आरोप लगाने वालों में से एक भी नेता या पार्टी ने तब यही बात नहीं कही जब भाजपा शिवसेना गठबंधन को बहुमत मिलने के बावजूद सरकार महाविकास अघाडी की बनाई गई। शरद पवार पिछले 4 वर्षों से जैसी राजनीति कर रहे थे उसकी यही स्वाभाविक परिणति थी। नवंबर 2019 में अजित पवार ने देवेंद्र फडणवीस के साथ शरद पवार की अनुमति से शपथ ली थी। एक ओर वे भाजपा से बात कर रहे थे और दूसरी ओर उद्धव ठाकरे से भी। उन्होंने कहा है कि ऐसा करके वे भाजपा को एक्सपोज करना चाहते थे। इसमें सबसे ज्यादा अपमान और बदनामी अजित पवार की हुई। उनके मन में लगातार इस बात की कसक थी। दूसरे, लगभग यह भी साफ हो चुका है कि शरद पवार ने एक समय उद्धव ठाकरे सरकार में रहते हुए भाजपा के साथ जाने के लिए भी बातचीत की। संभवतः उनके राष्ट्रपति बनाने पर नरेंद्र मोदी ने सहमति नहीं दी। इस तरह की राजनीति करने वाले व्यक्ति की पार्टी उसके साथ सदा रहे और वह भी इस स्थिति में जब प्रदेश में गठबंधन कमजोर होता दिखे यह संभव नहीं। थोड़े शब्दों में कहें तो यह पवार की राजनीति की ही स्वाभाविक परिणाम है।

एक वर्ष पहले हुआ शिवसेना में विद्रोह और राकांपा के वर्तमान टूट में गुणात्मक अंतर यही है कि तब उद्धव ठाकरे को इसका आभास नहीं था और शरद पवार जानकारी होते हुए भी रोक नहीं सके। शरद पवार विरोध में उतर रहे हैं तो कुछ समय के लिए नेताओं विधायकों का एक समूह उनके साथ दिखेगा, पर तस्वीर बता रही है कि उनके हाथ से नियंत्रण बाहर जा चुका है। इस घटना का तीन और पहलुओं के आधार पर संपूर्ण विश्लेषण किया जा सकता है। पहला, यह राकांपा की टूट है तो इस पर किसका दावा बनता है? दूसरे, इसका महाराष्ट्र की राजनीति में क्या असर होगा और तीसरा, राष्ट्रीय राजनीति यानी नरेंद्र मोदी और भाजपा विरोधी विपक्षी एकजुटता इससे कितनी प्रभावित होगी? प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि पार्टी ने फडणवीस और शिंदे सरकार में शामिल होने और समर्थन करने का फैसला किया है। यानी यह टूट नहीं पार्टी का निर्णय है। यह भी कहा कि शरद पवार हमारे नेता थे, हैं और रहेंगे। अजित पवार ने भी राकांपा के संदर्भ में यही बात कही। यानी ये कह रहे हैं कि पार्टी के फैसले से हम गए हैं हमने न बगावत की, न पार्टी को तोड़ा है। यह स्टैंड ऐसा है जिसकी काट जरा मुश्किल होगी। शरद पवार के विरुद्ध ये कुछ नहीं बोलेंगे, लेकिन स्टैंड यही रहेगा। उद्धव ठाकरे के विपरीत शरद कह रहे हैं कि वे कानूनी लड़ाई नहीं लड़ेंगे, जनता के बीच जाएंगे। हालांकि विधानसभा में अजित और विद्रोहियों की



सदस्यता रद करने की मांग की गई है। तो होगा क्या? अजित और प्रफुल्ल कह रहे हैं कि वह राकांपा के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे। यानी चुनाव के पूर्व पार्टी चुनाव चिह्न को लेकर अभी तक दोनों पक्ष दावा करने के लिए चुनाव आयोग जाने का संकेत नहीं दे रहे। शरद अगर चुनाव आयोग के पास जाते हैं तभी इसकी कानूनी लड़ाई आरंभ होगी। वैसे विधानसभा में अध्यक्ष के पास आवेदन देने के साथ कानूनी और संवैधानिक लड़ाई आरंभ हो गई है। कानूनी लड़ाई के व्यवहार में बहुत ज्यादा मायने नहीं होते। किसी को चुनाव चिह्न मिल जाए और नेता, विधायक, सांसद साथ नहीं हो तो उसका कोई अर्थ नहीं। प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल जैसे नेता शरद पवार से अलग निर्णय करते हैं तो यह साधारण घटना नहीं है। प्रफुल्ल पिछले करीब ढाई दशक से शरद पवार के सर्वाधिक विश्वसनीय एवं निकटस्थ नेताओं में हैं। छगन भुजबल की हैसियत भी बहुत बड़ी है। यही स्थिति लगभग दिलीप वलसे पाटील की भी है। ऐसे नेताओं के बाहर जाने के बाद शरद पवार के साथ पूरे प्रदेश में पहचान रखने वाले नेताओं की तलाश करनी पड़ेगी। शरद पवार की मराठवाडा में प्रतिष्ठा है खासकर गांव में और उनके साथ लोग खड़े होंगे, किंतु यह स्थायी नहीं हो सकता। 84 वर्ष की उम्र के व्यक्ति के साथ राजनीति का कोई व्यक्ति तभी खड़ा होगा जब उसे आगे अपना भविष्य दिखाई दे। सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को कार्याध्यक्ष बनाकर उन्होंने अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। सुप्रिया संगठन की व्यक्ति नहीं हैं। उनकी पूरी ताकत शरद पवार हैं। सुप्रिया के साथ जाकर कोई जोखिम मोल लेना नहीं चाहेगा। दूसरे, महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस को छोड़कर शरद के साथ बचे राकांपा और उद्धव शिवसेना के नेताओं की यह हैसियत नहीं कि वे ज्यादा लोगों को साथ ला सकें। वहां का माहौल एकपक्षीय होगा। शरद पवार स्वयं विधानसभा में नहीं है तो इसका भी असर होगा, इसलिए इस समय शरद पवार के साथ खड़े लोगों, या उनकी रैली आदि में संख्या के आधार पर भविष्य का निष्कर्ष मत निकालिए।

चूंकि शरद पवार पटना की विपक्षी बैठक में शामिल हो चुके हैं इस कारण उन्हें उन पार्टियों का समर्थन मिलेगा। धरातल का सच यही है कि शरद की राजनीतिक पारी का लगभग अंत हो चुका है। 1999 में सोनिया गांधी के विदेशी मूल के सैद्धांतिक मुद्दे को उठाकर उन्होंने कांग्रेस से अलग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बनाई। यह बात अलग है कि बाद में वह कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़े, यूपीए सरकार में मंत्री रहे, प्रदेश में भी सरकार चली। शरद के कमजोर होने और राकांपा के बड़े समूह का प्रमुख और प्रभावी नेताओं के साथ भाजपा गठबंधन में साथ आने के बाद महाराष्ट्र का पूरा राजनीतिक वर्णक्रम बदल गया है। अब महाविकास अघाडी में कांग्रेस प्रमुख पार्टी है और शरद के नेतृत्व वाली राकांपा,उद्धव ठाकरे की शिवसेना काफी कमजोर। वर्तमान राष्ट्रीय राजनीति पर इसका दो तरीकों से असर होगा। पहला, शरद भाजपा और मोदी विरोधी मोर्चाबंदी के वरिष्ठ नेता है। पार्टी के इस बड़े टूट के बाद उनका वह प्रभाव नहीं होगा। मान सकते हैं कि अजित विचारधारा के स्तर पर कोई सिद्धांतवादी नेता नहीं है। बावजूद वे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का अच्छा भविष्य होने की बात कह रहे हैं तो इसे केवल टूट के लिए गढ़ा गया तर्क मानना उचित नहीं होगा। निस्संदेह, इसके पीछे अपने राजनीतिक भविष्य की चिंता होगी। किसके साथ जाने से हमारा राजनीतिक लाभ होगा यह कोई भी सोचता है पर आधार ठोस होता है। शरद पवार विरोधी इस समूह का कदम बताता है कि उनकी दृष्टि में महाराष्ट्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव जीतने की संभावना ज्यादा प्रबल है। यह न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश के विपक्षी गठजोड़ की दृष्टि से बहुत बड़ी टिप्पणी है। जो नेता विपक्षी मोर्चाबंदी में बैठ रहे हैं उनकी पार्टी साथ है या नहीं इसे लेकर बड़ा प्रश्न चिह्न खड़ा हो गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित

## दर्शन

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई




संकलित

## प्रेरणा

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समान नागरिक संहिता लागू न करना उचित नहीं

समान नागरिक संहिता को लेकर मोदी जी के आह्वान के बाद देशभर में इस मुद्दे पर चर्चा शुरू हुई है। राजनीतिक दलों में भी कुछ इसके पक्ष में हैं और कुछ इसके पक्ष में नहीं हैं। समान नागरिक संहिता लागू करने वाला गोवा देश का पहला राज्य है, जहां आजादी के बाद से ही समान नागरिक संहिता लागू है। लॉ कमीशन ने भी इसी विषय पर आम जनता से राय मांगी है। इंटरनेट सुविधा के चलते बड़ी संख्या में लोगों ने इसके पक्ष में अपने विचार व्यक्त करके इसका समर्थन किया है। संविधान निर्माताओं की भी मंशा देश में समान कानून लागू करने की थी। मगर राजनीतिक कारणों के चलते इसे अब तक टाला जाता रहा है। अब वक्त आ गया है कि एक देश एक कानून को यथाशीघ्र लागू किया जाए।

*- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### तालिबान ने अफगानिस्तान में ब्यूटी पार्लर किया बैन


अफगानिस्तान में तालिबान ने महिलाओं के ब्यूटी पार्लर पर प्रतिबंध लगाते हुए इन्हें कारोबार बंद करने के लिए एक महीने का नोटिस दिया है। सरकार के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों तथा आजादी पर नयी पाबंदी है। इससे पहले शिक्षा और ज्यादातर नौकरियों से उन्हें प्रतिबंधित किया जा चुका है। तालिबान के 'वर्च्यू एंड वाइस मिनिस्ट्री' के प्रवक्ता मोहम्मद सिद्दीक अकिफ महाजर ने प्रतिबंध की जानकारियां नहीं दी। उन्होंने केवल सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे पत्र की बातों की पुष्टि की। मंत्रालय ने 24 जून को लिखा एक पत्र साझा करते हुए कहा कि वह सर्वोच्च नेता हिबातुल्लाह अखुंदजादा के एक मौखिक आदेश से अवगत करा रहे हैं। यह प्रतिबंध राजधानी काबुल और सभी प्रांतों में रहेगा और इसमें देशभर के सैलून को अपना कारोबार बंद करने के लिए एक महीने का नोटिस दिया गया है। इसके बाद उन्हें बंद कर दिया जाएगा और इस संबंध में एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। पत्र में प्रतिबंध की वजहें नहीं बतायी गयी हैं।



## ऑफ बीट

### थकावट के कारण चुपचाप काम छोड़ रहे कर्मचारी

पूरे 36 प्रतिशत कर्मचारी पिछले वर्ष की तुलना में अब अधिक थके हुए हैं। यदि आप थके हुए नहीं हैं, तो इसका कारण यह हो सकता है कि आपने चुपचाप कुछ काम छोड़ दिया है। काम के प्रति उकताहट में भावनात्मक रूप से कमज़ोर होने से लेकर वैराग्य और संशयवाद से लेकर कम व्यक्तिगत उपलब्धि और यह भावना कि यह काम उनका नहीं है जैसे कई लक्षण शामिल हैं। तथ्य यह है कि बर्नआउट कम नहीं हुआ है, यह बताता है कि संगठनों ने इसके मूल कारणों पर ध्यान नहीं दिया है। इसके बजाय, कर्मचारियों ने मामले को अपने हाथ में ले लिया है और कुछ ने चुपचाप काम करना छोड़ दिया है। चुपचाप छोड़ने का तात्पर्य सिर्फ वही काम करना है जो हमारे नौकरी पर बने रहने के लिए आवश्यक है और इससे अधिक कुछ नहीं। अत्यधिक काम और निरंतर उपलब्धता के दिन गए। 2023 गैलप रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में ज्यादातर कर्मचारी चुपचाप काम छोड़ रहे हैं। क्योंकि जो कर्मचारी चुपचाप काम करना छोड़ देते हैं, वे अपने काम के चारों ओर बेहतर सीमाएँ निर्धारित कर सकते हैं, चुपचाप काम छोड़ने से उन्हें बर्नआउट को रोकने में मदद मिलती है।




## ट्रेंड

### वित्तीय प्रणाली में सुधार

कैरेबियाई राष्ट्र आकार में छोटे हो सकते हैं लेकिन वे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मैंने कैरेबियाई नेताओं को जलवायु महत्वाकांक्षा और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली में सुधार के लिए उनके शक्तिशाली आह्वान और कार्यों के लिए धन्यवाद दिया।


-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव



### मनुष्य में असीमित सामर्थ्य

मनुष्य असीमित सामर्थ्य का प्राणी है। अज्ञानजन्य विकार और अहंकार श्रेष्ठ सम्भावनाओं को धूमिल कर देता है। जो कुछ हमें प्राप्त है वह भगवान का अनुग्रह है और वह सब ईश्वर का है, ऐसा मानकर उन्ही को अर्पण करें।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु



### पशुओं का ध्यान रखें

अब जबकि मानसून आ गया है, बहुत सारी आवारा बिल्लियां और कुत्ते हमारी कारों के नीचे आश्रय लेते हैं। आश्रय लेने वाले आवारा जानवरों की चोटों से बचने के लिए अपनी कार को चालू करने और गति बढ़ाने से पहले उसके नीचे जांच करें।

-रतन टाटा, उद्योगपति



### टैक्स देने लगे हैं लोग

पहले बीजेपी के वक्त लोग टैक्स नहीं देते थे। उन्हें लगता था कि उनका दिया हुआ टैक्स चोरी हो जाएगा। अब आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद लोग खुद ही टैक्स देने लगे हैं। उन्हें भरोसा है कि अब ईमानदार सरकार है और उनका दिया पाई पाई लोगों के विकास पर खर्च होगा।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली



संपादकीय

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## एकदिवसीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम 8 जुलाई को
### रघुनाथ बालिका स्कूल में होगा आयोजन



**लक्ष्मणगढ़।** शांति एवं अहिंसा निदेशालय जयपुर की ओर से एकदिवसीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आयोजन आगामी 8 जुलाई 2023, शनिवार को मुकुंदगढ़ रोड़ स्थित श्री रघुनाथ बालिका स्कूल में होगा। कार्यक्रम की सफलता व विभिन्न सरकारी विभागों में समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से उपखण्ड अधिकारी ने गुरुवार को नेछवा व लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक के सभी अधिकारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ने अपने सुझाव दिए। उपखण्ड अधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि इस दौरान कार्यक्रम को अंतिम रूप देते हुए विभिन्न रुपरेखा तैयार की गई। मीटिंग में सर्वसम्मति से पंचायत समिति से होकर मुख्य बाजार व कार्यक्रम स्थल तक गांधी दर्शन रैली निकालने, श्रमदान व पौधारोपण करने, प्रशिक्षण शिविर के लिए विधानसभा के प्रत्येक गांव से दो-दो ग्रामीणों का चयन करने, आयोजन स्थल पर राजीविका व खादी भंडार की स्टाल लगाने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मीटिंग में तहसीलदार अमर सिंह बोचल्या, नेछवा तहसीलदार नारायणराम दैया, ईओ डॉ अशोक चौधरी, रेंजर श्रवण कुमार, नायब तहसीलदार भवानी शंकर शर्मा, सीबीईओ रामनिवास शर्मा, हीरालाल ओलागढ़, उपप्रधान ममता देवी, पार्षद शबाना सैयद, पूर्व पालिकाध्यक्ष एम पी सैनी, पत्रकार संघ के सचिव प्रभाष नारनोलिया आदि ने अपने अहम सुझाव दिए। इस दौरान सर्वसम्मति से पीसीसी सदस्य दिनेश कस्वां को कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया। मीटिंग में समस्त विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बावलिया बाबा के भजन संध्या व भंडारा




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर (विनोद धायल)** अजमेर रोड़ स्थित ऊँकारेश्वर शिव मन्दिर कमला नेहरू नगर में शेखावाटी नगर सेठ, त्रिकालदर्शी माता व शिव के वरदानी संत शिरोमणि परमहंस पंडित गणेशनारायण (बावलिया बाबा) के भजन कीर्तन श्री श्री 108 ज्योतिषाचार्य देवयज्ञ पंडित राजेश व्यास व बावलिया जनकल्याण फाउंडेशन के आदेशानुसार युवा व्यवसायी चेतन सिंह चारण, हनुमानप्रसाद गुप्ता, दीपक गुप्ता, पंकज अग्रवाल, अभिषेक वर्मा,रोहित अग्रवाल, सोहन अग्रवाल,अतुल वर्मा,ललित शर्मा,जुगलकिशोर खारोल,राजेंद्र सिंह शेखावत,मुकेश वर्मा, खेमसिंह शेखावत, बिरजूसिंह शेखावत व अन्य लोग सामूहिक पाठ एवं भजन संध्या में उपस्थित रहे।

## बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुखों के बल पर बनेगी राजस्थान में भाजपा की सरकार: रज्जन चौधरी





सितारा न्यूज नेटवर्क

**बसेड़ी/अंकित गोयल।** भारतीय जनता पार्टी के मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा बसेड़ी के मंडल बसेड़ी में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन मंडल अध्यक्ष भैरोसिंह परमार की अध्यक्षता में किया गया जिसमें मुख्य वक्ता किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जी रहे जिसमें अल्पकालीन विस्तारक रज्जन सिंह ने भारत सरकार के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार द्वारा सेवा, सुशासन, और गरीब कल्याण के जो कार्य किए गए है उन कार्यों की एक बुकलेट तैयार की गई है जिसको समाज के प्रबुद्धजनों को वितरित किया जाएगा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ब्रजराज सिंह परमार जी ने किसानों की योजनाओं के बारे में बताएं और और अन्य वरिष्ठ कार्यकताओं ने भी अपने विचार रखे सुरेश कौशिक जिला उपाध्यक्ष रामदीन कुशवाहा चेयरमैन प्रतिनिधि बसेड़ी मंच संचालन सत्यवीर चौहान ने किया सभी बूथ अध्यक्ष और शक्ति केंद्रों का स्वागत सम्मान किया गया कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकताओं को धन्यवाद देकर मंडल अध्यक्ष भैरोसिंह परमार ने किया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भैरोसिंह परमार पूर्व विधायक रानी कोली किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ब्रजराज सिंह परमार जिला उपाध्यक्ष सुरेश कौशिक विधानसभा विस्तारक गजेंद्र चौधरी अल्पकालीन विस्तारक रज्जन चौधरी रामदीन कुशवाहा चेयरमैन प्रतिनिधि बसेड़ी पूर्व जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गणेशपुरी बसेड़ी महामंत्री महेंद्र कोली सुरेश शर्मा जारगा महामंत्री मनोज पहाड़िया लोकेंद्र सिंह परमार पियूष शर्मा मनोज शर्मा संदीप परमार हेमंत चौधरी ऋषि मुद्गल विजय गोयल मुकेश कौशिक युवा मोर्चा महामंत्री दुष्यंतशर्मा होतीराम नागर आईटी सेल हेमेंद्र राधेश्याम जगरिया भीकम कोली रामवीर कोली बबलू कोली बनवारी जाटव राजेंद्र जाटव शेरा जाटव महिंद्र गुर्जर मेघसिंह गौड़ सत्यप्रकाश श्रीकांत सोबरन रामअवतार सुमेरा कोली लक्ष्मण पुरी शिवनारायण गुर्जर कुंवरसिंह नेताजी सत्यपाल गुर्जर किसान मोर्चा जिला महामंत्री राजकुमार कोली लोकेश सोनी और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

**राजधानी** का नाम अब **पूरे हिंदुस्तान में गूंज रहा है**

# 10वीं से 12वीं विज्ञान में 46 प्रतिशत की वृद्धि का रिकॉर्ड बनाने वाले पवन सैनी का सम्मान

## राष्ट्रीय मोटिवेटर डॉ. रमेश यादव सर की मोटीवेशनल सेमिनार ने बदली जिंदगी पवन सैनी

सितारा न्यूज नेटवर्क




**पचकोडिया।** जिसने सपनो के महल नही बनाये हो वो वास्तविक महल नही बना सकता। सपने बडे हो ओर हमारी लक्ष्य की ओर की जा रही मेहनत सकारात्मक हो तो दुनिया की कोई ताकत हमे जीतने से रोक नही सकती। जब कुछ कर दिखाने के लिए इरादे बुलंद हों, तो व्यक्ति कभी भी अपना जीवन परिवर्तन कर सकता है। ऐसा ही कर दिखाया पचकोड़िया में नीट, जेईई, आईसीएआर, जेट की तैयारी कराने वाले संस्थान राजधानी साइंस धारा, राजधानी फाउंडा व राजधानी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में अध्ययन करने वाले धवली आमलोदा शाहपुरा, जयपुर के रहने वाले पवन सैनी ने। माता साधारण गृहिणी एक साधारण सा ग्रामीण परिवेश में रहने वाले परिवार का साधारण सा बच्चा दसवीं बोर्ड (2018) में मात्र 46.50 प्रतिशत व बारहवीं में 91.80 प्रतिशत अंक और राष्ट्रीय मोटिवेटर से मुलाकात ने बदली सोच।

पवन सैनी ने हमारे संवाददाता को बताया कि दसवीं में 46.50 प्रतिशत अंक आने के बाद एक बार तो मुझे लगा कि शायद में अब जीवन में अच्छा नही कर पाऊंगा लेकिन मुझे मेरे किसी परिचित जो पहले राजधानी फाउंडा में पढ़कर आज सफलतम व्यक्ति है, ने मेरी मुलाकात राजधानी फाउंडा के निदेशक व राष्ट्रीय मोटीवेटर डॉ. रमेश यादव से करवाई। उनसे मिलकर मुझे अपने आप की क्षमताओं का पता लगा। उन्होने मुझे यह कहते हुए बहुत मोटिवेट किया कि आप अभी जैसे भी हो अपनी सोच के कारण हो। अगर आपको लगता है की आप ताकतवर है तो आप दुनिया के सबसे ताकतवर इन्सान है, या आपको लगता है की आप दुनिया के सबसे कमजोर व्यक्ति है तो आप दुनिया के सबसे कमजोर व्यक्ति है। मुझे तो जीवन में कुछ करने की धुन सवार हो गई। रमेश सर के ये शब्द आज भी मेरे कानो मे गुंजते है, और उन्ही की बदौलत और यहां के प्रतियोगी वातावरण योग्य शिक्षको की टीम माता व बडे भाई के आशीर्वाद के कारण ही मैने कक्षा 10वीं की तुलना में 12वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में 91.80 प्रतिशत अंकों के साथ 45.3 प्रतिशत की अप्रत्याशित वृद्धि की। राजधानी के छात्रावास में रहकर मिली सफलता पर पवन सैनी ने बताया कि उसने संस्थान के अलावा राजधानी छात्रावास में रहकर प्रतिदिन नियमित रूप से 5 से 6 घण्टे स्वस्थ रहे कर यह सफलता पाई है। राजधानी के छात्रावास में सफलता के लिए शुद्ध वातावरण मिलने से में यह वृद्धि कर पाया। पवन सैनी के पिता मजदूरी करते हैं व माता घर को संभालती है।

पवन सैनी तीन भाई-बहिनों में सबसे बडा है। पिता मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पौषण करते है व माता घर सम्भालती है, इन संघर्षो के बावजूद पिता ने बेटे की जिद पर पवन को राजधानी फाउंडा व राजधानी छात्रावास में प्रवेश दिलाया। मोटीवेशनल सेमिनार ने बदली जीवन का लक्ष्य व दिशा।राष्ट्रीय मोटिवेटर डॉ. रमेश यादव सर द्वारा समय-समय पर आयेजित होने वाली मोटीवेशनल सेमिनार ने मेर जीवन का लक्ष्य व दिशा दोनो ही बदल दी। सोशल मीडिया से दूर रहा ओर मेहनत और एकाग्रता के साथ आज के दौर में सोशल मीडिया पर टाइम वेस्ट न करना काफी लाभदायक रहा। पवन सैनी का कहना है कि स्टूडेंट्स को सोशल मीडिया में ज्यादा इन्वॉल्व नहीं होना चाहिए। सोशल मीडिया आपका काफी समय ले लेता है जो आपकी पढ़ाई के शेड्यूल को डिस्टर्ब कर देता है। कृषि वैज्ञानिक बनकर देश सेवा करने की इच्छा है।पवन सैनी ने बताया कि भविष्य में कृषि वैज्ञानिक बनना चाहता है, सूखे से जूझ रहे देश को कृषि समस्याओं से निजात दिलाना प्राथमिकता रहेगी।

### युवाओं के लिए संदेश

जब संवाददाता पवन सैनी से युवाओं को संदेश देने की बात कही तो पवन सैनी ने कहा कि कड़ी मेहनत, दूर दृष्टि और पक्का इरादा प्रत्येक व्यक्ति को असफल से सफल बना सकता है। कोई भी व्यक्ति जो अपने जीवन में अपने लक्ष्य को हासिल करना चाहता है वह इन तीनों शब्दों पर आधारित जीवन यापन करते हुए अपने मकसद को प्राप्त कर सकता है। दूर दृष्टि अर्थात जीवन में क्या बनना है, पक्का इरादा का मतलब है एक बार जो सोच लिया उसे पूरा करके ही छोड़ना और उस लक्ष्य को हासिल करने में जितनी भी कड़ी मेहनत करनी पड़े उतनी मेहनत करनी चाहिए।

## परीक्षा देकर लौट रही बहन को लेने गए भाई की सड़क दुर्घटना में मौत

सितारा न्यूज नेटवर्क



**नारायणपुर/बिन्टू कुमार।** परीक्षा देकर लौट रही बहन को लेने गए भाई की सोमवार को देर शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। एएसआई श्रवण सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत खरखडी कला बास भूरिया निवासी विरेंद्र सिंह (19) पुत्र श्रवण सिंह जाति राजपूत सोमवार देर शाम 7:30 बजे अलवर परीक्षा देकर लौट रही बहन को बाइक से सामोता स्टैण्ड लेने के लिए जा रहा था। रास्ते में अजबापुरा हाड्या नाला रोड पर बाइक सवार युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को नारायणपुर सीएचसी लेकर पहुंचे जहाँ चिकित्सको ने युवक विरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। रात होने की वजह से मृतक युवक का शव मोर्चरी में रखा गया। मंगलवार सुबह पुलिस ने मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौप दिया। मृतक विरेंद्र के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हैं। वही मृतक युवक फिलहाल कराणा कॉलेज से बीएससी कर रहा था।

## सात दिवसीय कार्यक्रम मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बाड़ी/अंकित गोयल।** बाड़ी में दिनांक 04 जुलाई 2023 को सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा कार्यालय बसेड़ी रोड बाड़ी के बूथ न. 210 पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सानिध्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय कार्यक्रम मेरा बूथ सबसे मजबूत सम्मेलन का आयोजन किया गया मेरा बूथ सबसे मजबूत सम्मेलन के दौरान मुख्य वक्ता जिलाध्यक्ष भाजपा धौलपुर श्रवण कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा दिनेश बगथरिया, जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा विष्णु सिंघल(सनौरा वाले), मंडल अध्यक्ष बाड़ी शहर दिनेश मामा, किसान मोर्चा संतोष पंडित, विधानसभा विस्तारक बाड़ी गिरधारी सिंह चौधरी ,अल्पकालीन विस्तारक हिमांशु राजपूत, रामचरण कुशवाह , श्रीनिवास मित्तल , महामंत्री भाजपा महेश कुशवाह , बूथ अध्यक्ष मुरारी गर्ग ,ज्ञाप्रसाद कोली, विद्याराम मीना, दीपक पंडित, शुभम परमार , गुरुदेव गुर्जर ,विसंबर गुर्जर, दिनेश गुर्जर, रविन्द्र गुर्जर ,रणवीर गुर्जर हप्पू, अमर सिंह पोशवाल, छीतरिया कुशवाह, वेदरिया कुशवाह, रोशन कुशवाह, रामकिशन कुशवाह, संतोषी गौड़, भगवान स्वरूप कुशवाह, पूरन कुशवाह, रामकुमार कुशवाह, माताप्रसाद गोयल, राधारमण सिंघल, ध्रुव मंगल, अभिषेक मंगल,महिला मोर्चा अध्यक्ष बाड़ी



शहर केसर कुशवाह, रेखा कुशवाह , रेनू कश्यप एवं भाजपा के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं मंडल बाड़ी के बड़े बुजुर्ग ,युवा महिला उपस्थित रहे माननीय जिलाध्यक्ष भाजपा श्रवण कुमार वर्मा एवं जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा विष्णु सिंघल (सनौरा वाले) ने मेरा बूथ सबसे मजबूत सम्मेलन के बारे समस्त लोगो को बताया, और समझाया कि कैसे बूथ को मजबूत कर-के मिशन 2023 को सफल बनाया जा सकता है, समस्त कार्यकर्ता एकजुट होके अगर थी संकल्प ले की अबकी बार भाजपा सरकार को हर हाल में लाना है तो विधानसभा बाड़ी में एक नई पहल नया विचार हो सकता है

## लोकनायक स्व. मुरलीधर जी व्यास की 105वीं जयंती पर माल्यार्पण कर बांटे पीक्षियो हेतु मिट्टी के परिंडे

सितारा न्यूज नेटवर्क





**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** लोकनायक स्व. मुरलीधर व्यास की 105 वी जयंती के अवसर पर सुथारों की बड़ी गुवाड़ में समाजवादी नागरिक मार्चा द्वारा व्यास जी की मूर्ति पर तिलक कर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं भीषण गर्मी को देखते हुवे बेजुबान पक्षियों हेतु मिट्टी के परिंडे भी बांटे गए। उपरोक्त कार्यक्रम के बाद बैठक हुई जिसमें मोर्चे के संयोजक नटवर लाल व्यास "उगाड़" के अस्वस्थता के कारण नहीं आए और उन्होंने अपना लिखत संदेश भेजा जिसमे उन्होंने मुरलीधर व्यास कॉलोनी में व्यास जी की मूर्ति लगाने की मांग की और लोकनायक व्यास जी के किए कार्यो पर प्रकाश डाला। बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर देश के वर्तमान हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया कि आज साम्प्रदायिकता, अराजकता, आतंकवाद, महंगाई, बेरोजगारी, सरकारी तंत्र की विफलता, औरतों पर निरन्तर बढ़ते अत्याचार, बाल अपराधों में बढ़ोतरी, राजनितिक चरित्र में गिरावट जैसे कई मुद्दे है जिन्होंने देश को झकझोर दिया है। आज ऐसे व्यक्तित्व की आवश्यकता महसूस की जा रही है जो देश और देशवासियों को एक सूत्र में पिरो सके और देश का उत्थान कर सके। कार्यक्रम में अविनाश व्यास "श्रीधर", आयुष बोड़ा, राम कुमार शर्मा, यश मारू, अनुराग सुथार, भरत, मयूर दवे, राघव आचार्य , रवि कुमार रंगा, आशीष जोशी, सवाई ,राजवीर ,विजय, अर्जुन, कपिल,अनुज,मोहित,आदित्य,श्याम मारू, रोहित मारू, विकास सिंह आदि युवा उपस्थित हुवे।

## जनसंपर्क के रूप में बीकानेर यात्रा रही सफल-विस्तारक बबलू भारती

गरीबों का सितारा

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** विस्तारक के रूप में बीकानेर पधारे हुए भारतीय जनता पार्टी के बबलू भारती के नेतृत्व में पिछले 6 दिनों से मंडल अध्यक्षों, बुथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रभारियों समस्त कार्यकताओं एवं जन समुदाय से आदरणीय प्रधानमंत्री जी की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया। जिला महामंत्री मोहन सुराणा ने समस्त कार्यकताओं को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 9 साल के कार्यकाल में देश हित में हुए अनेकों कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ बीकानेर के संयोजक सीए अभिनव बेद, सहसंयोजक सीए श्रीकांत ओझा जी, जिला प्रभारी सीए जेपी आचार्य एवं अन्य कार्यकताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में गंगाशहर मंडल के अध्यक्ष जेठमल नाहटा, महामंत्री मगाराम एवं मीडिया प्रभारी सीए अंकुश चोपड़ा की उपस्थिति रही।





### 9 साल बेमिसाल

आज भारत की अर्थव्यवस्था पूरे विश्व में पांचवें स्थान पर पहुंच चुकी है। और माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था को दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का जो संकल्प है उसमें आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक अभिनव जी ने कहा कि हम सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और निभाते रहेंगे। जेठमल नाहटा ने बताया के आने वाले समय में वंदे मातरम ट्रेन का भारत से कई देशों में निर्यात किया जाएगा यह है हमारे भारत का विकास जो मेक इन इंडिया पर विश्वास रखता है। 6 दिनों के प्रवास में जिला अध्यक्ष विजय आचार्य के सानिध्य में हुई बैठक से शुरूआत करते हुए निरंतर बिना रुके जनसंपर्क किया। जिसमें विशेष रूप से गंगा शहर मंडल अध्यक्ष जेठमल नाहटा, उपाध्यक्ष इंद्र प्रकाश राव, शिव बच्छ, चंद्रशेखर शर्मा, महामंत्री मगाराम नाई, मंडल पालक नारायण गुलगुलिया, मंडल मीडिया प्रभारी सीए अंकुश चोपड़ा एवं विभिन्न कार्यकताओं का निरंतर सहयोग मिला। दिनांक 3 जुलाई को गंगा शहर मंडल अध्यक्ष जेठमल नाहटा एवं बीकानेर जिला महामंत्री मोहन सुराणा के तत्वाधान में समस्त बुथ अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मंडल पालक नारायण गुलगुलिया, पार्षद एवं महिला मंडल अध्यक्ष सुमन छाजेड़, महिला मंडल जिला महामंत्री सरिता नाहटा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजाराम सिंगड़, राष्ट्रीय कार्यकारिणी युवा मोर्चा सदस्य देवकिशन मारू, पार्षद प्रत्याशी दीपक गहलोत समेत अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दिनांक 4 जुलाई को विस्तारक बबलू जी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का समापन करते हुए चंडीगढ़ के लिए प्रस्थान किया।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

आज को होगा पोस्टमार्टम

# जीएसएस पर कार्य करते हुए नीचे गिरने से युवक की हुई मौत

**मृतक के रिश्तेदार एवं परिवार के लोग मौत का कारण करंट लगना बता रहे**

**मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए रखा गया अस्पताल की मोर्चरी में**







मृतक के परिजन पहुंचे राजकीय अमृतकौर हॉस्पिटल



मृतक शरीफ काठात

सितारा न्यूज नेटवर्क




**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** जीएसएस कार्य करते हुए एक युवक के नीचे गिर जाने से उसे राजकीय अमृतकौर हॉस्पिटल लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शरीफ काठात पुत्र ताजु काठात देलवाड़ा ग्राम पंचायत के मांडावास ग्राम का रहने वाला है मंगलवार को दोपहर के समय जीएसएस कार्य करते हुए नीचे गिर गया जिसे राजकीय अमृतकौर हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया जबकि परिजनों का कहना है कि उक्त युवक की मृत्यु करंट लगने से हुई है परिजनों का यह भी कहना है कि करंट के चिन्ह मृतक के हाथ पर भी दिखाई दे रहे हैं हालांकि मृतक के शव को अमृतकौर हॉस्पिटल मोर्चरी में रखा गया है बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा किमृत्यु का वास्तविक कारण क्या रहा ।हॉस्पिटल की मोर्चरी के बाहर देखते ही देखते के परिजनों और उनके रिश्तेदारों की भीड़ इकट्ठा हो गई । प्रशासन के आला अधिकारियों में ब्यावर तहसीलदार राजावत भी मौके पर पहुंचे । राजावत ने सम्पूर्ण घटनाक्रम की जानकारी ली और परिजनों को घटना की जांच क का आश्वासन दिया । परिजनों का कहना है कि प्रशासन के आला अधिकारियों ने ये कहा कि मृतक की मृत्यु पैर फिसलने के चलते हुई है जबकि यह सरासर गलत है मृत्यु का वास्तविक कारण करंट लगना है परिजनों ने विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है । सहायक अभियंता श्रीकांत शर्मा ने बताया की युवक की मृत्यु संभवतया पैर फिसलने से नीचे गिरने से हुई है । मृतक के परिवारजनों की जो भी मदद होगी वह मदद की जाएगी खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजनों एवं रिश्तेदार मृतक का पोस्टमार्टम कराने को लेकर अड़े रहे।

आयोजन का कथा स्थल पर पांडाल हुआ तैयार

# विजयनगर मैदान में शिव महापुराण कथा के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण



सितारा न्यूज नेटवर्क



**रुपेश शर्मा /अलवर ।** विजयनगर मैदान में शिव महापुराण कथा के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो गई साथ ही आयोजन स्थल पर कथा स्थल का पाण्डाल भी तैयार हो गया ।

कार्यक्रम के आयोजक प्रमोद विजय ने बताया कि 12 जुलाई से लेकर 18 जुलाई तक विजयनगर मैदान में विशाल शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले कथा वाचक कथा करेगे । इस शिव महापुराण कथा को सुनने के लिए करीब तीस से चालीस हजार भक्त कथा स्थल पर सुनने के लिए पहुचेंगे शिव महापुराण कथा को लेकर बाजारों में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए है कथा शुरू होने पर बाजार में महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी । यह कलश यात्रा शहर के विभिन्न जगह से होकर निकलेगी शिव महापुराण कथा को लेकर लोगो में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है कथा स्थल पर तैयारी चल रही है`





## 'कैप्टन मिलर' का फर्स्ट लुक जारी

**चेन्नई।** तमिल सुपरस्टार धनुष इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म कैप्टन मिलर को लेकर जबर्दस्त सुर्खियों में हैं। फैंस भी धनुष की इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले कई दिनों से फिल्म को लेकर कई बड़े अपडेट सामने आए थे, जिसमें कहा गया था कि मूवी को तीन पार्ट में विभाजित करने की योजना बनाई जा रही है। अब इन सब के बीच फिल्म 'कैप्टन मिलर' का फर्स्ट लुक पोस्टर सामने आ गया है। फर्स्ट लुक में धनुष युद्ध के मैदान में एक योद्धा की तरह खड़े नजर आ रहे हैं, लेकिन उनके चेहरे पर कोई खुशी नहीं है। धनुष का यह लुक काफी रफ एंड टफ लग रहा है। पोस्टर को देखकर यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि धनुष इस फिल्म में किसी सैनिक की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के इस लुक में अभिनेता के चारों ओर सैनिकों के शव जमीन पर पड़े हैं। धनुष के हाथ में बंदूक है और ऐसा लगता है कि युद्ध के मैदान में वह फिलहाल अकेले जीवित बचे हैं।

लाइफ Style

## शहाना किया खुलासा

कॉमेडियन कपिल शर्मा की फिल्म 'ज्विगाटो' के बाद अभिनेत्री शहाना गोस्वामी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'नीयत' को लेकर काफी उत्साहित हैं। 'यूं होता तो क्या होता' से लेकर 'ज्विगाटो' तक शहाना गोस्वामी अब तक कई फिल्मों में दमदार भूमिकाएं निभा चुकी हैं। फिल्म 'नीयत' के बारे में शहाना गोस्वामी कहती है कि इस फिल्म का किरदार बहुत दिलचस्प है, यह किरदार उनके अब तक की फिल्मों में निभाए गए किरदार से बहुत अलग है।


**मुंबई।** फिल्म 'नीयत' में शहाना गोस्वामी अपनी भूमिका के बारे में बातचीत करते हुए कहती हैं, 'फिल्म 'नीयत' में लिसा का किरदार वास्तव में दिलचस्प लगा और कोई भी मेरे किरदार के बारे में जो सोचेगा उससे बहुत अलग है। इस फिल्म में दर्शकों को कुछ ऐसा देखने को मिलेगा जो उन्होंने मुझे पहले कभी नहीं देखा। इस फिल्म में कुछ अनूठे किरदारों के साथ एक मजेदार सवारी की उम्मीद कर सकते है। यह आपको रोलर कोस्टर सवारी और ऐसी जगहों की दुनिया में ले जाएगा जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की होगी।'

फिल्म 'नीयत' की कहानी मर्डर मिस्ट्री और एक डिटेक्टिव के इर्द गिर्द घूमती है। इस फिल्म में विद्या बालन ने डिटेक्टिव का किरदार निभाया है। विद्या बालन इस फिल्म में मर्डर मिस्ट्री सुलझाती दिखेंगी। इस फिल्म का निर्देशन अनु मेनन ने किया है, जो इससे पहले विद्या बालन के साथ 'शकुंतला देवी' बना चुकी हैं। अनु मेनन के बारे में शहाना गोस्वामी कहती हैं, 'नीयत को लेकर जब मेरी बात अनु मेनन से हुई और जब उन्होंने फिल्म की कहानी और मेरा किरदार सुनाया तो मैं लिसा की भूमिका निभाने के लिए काफी उत्सुक हो गई।' अभिनेत्री शहाना गोस्वामी को सबसे पहला मौका कास्टिंग डायरेक्टर शानू शर्मा ने नसीरुद्दीन शाह के साथ फिल्म 'यूं होता तो क्या होता' में दिया था। इस फिल्म में शहाना गोस्वामी ने पायल की भूमिका निभाई थी।



हॉलीवुड मसाला

## ऑस्कर विजेता आर्किन ने ली आखिरी सांस



**लॉस एंजेलिस।** साल 2006 में आई फिल्म 'लिटिल मिस सनशाइन' के लिए ऑस्कर जीतने वाले हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता एलन आर्किन का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आर्किन ने गुरुवार 29 जून को कैलिफोर्निया के कार्ल्सबैड में घर पर अंतिम सांस ली। हालांकि, उनकी मृत्यु की तुरंत पुष्टि नहीं की गई थी। अपने पिता को याद करते हुए उनके बेटे एडम, मैथ्यू और एंथोनी ने कहा, हमारे पिता एक कलाकार और मनुष्य दोनों ही रूप में प्रकृति की एक अद्वितीय प्रतिभाशाली शक्ति थे। एक प्यारे पति, पिता, दादा और परदादा, उन्हें बहुत प्यार किया जाता था और उनकी बहुत याद आएगी।"



## महीनों बाद एम्बर हर्ड की सोशल मीडिया पर वापसी

**न्यूयार्क।** जॉनी डेप और एम्बर हर्ड पिछले साल मानहानि केस की वजह से काफी सुर्खियों में रहे थे। लंबे समय तक सुनवाई के बाद डेप ने अंततः वह मुकदमा जीत लिया था। अभिनेता ने इसे 2018 वाशिंगटन पोस्ट लेख में उन्हें बदनाम करने के लिए दायर किया था, जहां एम्बर ने खुद को घरेलू हिंसा की शिकार बताया था। अब केस हारने के महीनों बाद एम्बर सोशल मीडिया पर वापसी कर ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना पहला इंस्टाग्राम पोस्ट शेयर किया। उन्होंने बताया है कि एक्टिंग की दुनिया में वापसी करके उन्हें कैसा महसूस हो रहा है। ट्रायल के बाद से ही एम्बर ने लाइमलाइट से काफी दूरी बनाकर रखी थी, लेकिन अब उन्होंने एक बार फिर फिल्मी दुनिया में वापसी कर ली है। अभिनेत्री ने अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति इटली में 69वें टॉरमिना फिल्म महोत्सव में दर्ज की थी।



## रहमान ने राज खोला अपनी ड्रेसिंग सेंस का

**चेन्नई।** बॉलीवुड और ऑस्कर विजेता मशहूर संगीतकार ए आर रहमान के फैंस की कमी नहीं है। आज भी उनके गाने फैंस के दिलों पर राज करते हैं। हिंदी से लेकर तमिल सिनेमा तक अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरने वाले ए आर रहमान इन दिनों अपनी ड्रेसिंग स्टाइलिंग को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। सिंगर ने बताया कि उनके कपड़े उनकी पत्नी ही पसंद करती हैं।

ऑस्कर विजेता संगीतकार ए आर रहमान ने खुलासा किया कि उनकी पत्नी सायरा बानो सिंगर विभिन्न कार्यक्रमों में एक से एक स्टाइलिश कपड़े सिंगर के लिए चुनती हैं। हालांकि, रहमान अपनी फैशन पसंद का श्रेय अपनी पत्नी को देते हैं और बताते हैं कि वह जो भी उन्हें पहनने के लिए कहती हैं। वह वही पहनते हैं। ए आर रहमान ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा, 'मेरी पत्नी वास्तव में मेरी स्टाइलिंग को गंभीरता से लेती हैं। वह पिछले 10 से 15 वर्षों से मेरे ड्रेस को स्टाइल कर रही हैं। मुझे लगता है कि उन्हें वह चीजें करना पसंद हैं।




## मुंबई के पांच सितारा होटल के सामने मांगनी पड़ी थी भीख

**मुंबई।** अभिनेत्री विद्या बालन ने कई दिनों से फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली है। हालांकि अभिनेत्री अपने प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री ने इस दौरान अपने संघर्ष के दिनों को याद किया और बताया कि इंडस्ट्री में आने के लिए और पैर जमाने के लिए उन्हें कितनी मेहनत करनी पड़ी थी। विद्या ने यह भी बताया कि उन्होंने भिखारी बनने की एक्टिंग की थी और वह भी जिम जैम बिस्किट के एक्स्ट्रा पैकेट के लिए। हाल ही में, एक इंटरव्यू में विद्या ने कहा, 'हमारा आइएमजी यानि इंडियन म्यूजिक ग्रुप था। वह हर साल क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट, इंडियन क्लासिक म्यूजिक कॉन्सर्ट आयोजित करते थे। यह कॉन्सर्ट तीन दिन तक पूरी पूरी रात चलता था। वह बहुत ही शानदार होता था। मैं उसी ऑर्गनाइजिंग कमेटी में थी। मैं एक वालंटियर थी। हम प्रोग्राम ऑर्गनाइज करने में मदद करते थे और रात में जब शो खत्म हो जाता था तो नरीमन प्वॉइंट वॉक करने जाते थे।'

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## खबर संक्षेप



### वीनस विलियम्स विम्बलडन के पहले दौर में हारी

**विम्बलडन।** अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स 43 वर्ष की उम्र में 24वीं बार विम्बलडन महिला एकल खेलने उतरी लेकिन पहले ही दौर में एलिना स्वितोलिना से 6-4, 6-3 से हार गई। अन्य मैचों में अमेरिका की कोको गॉ को सोफिया केनिन ने 6-4, 4-6, 6-2 से हरा दिया। वीनस इस साल विम्बलडन में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी और मुख्य ड्रॉ में खेलने वाली चौथी सबसे बुजुर्ग खिलाड़ी हैं। स्वितलोना उस समय दो साल की थी जब वीनस ने 1997 में विम्बलडन में पदार्पण किया था।

### सिंधू बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 15वें स्थान पर खिसकीं



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीन पायदान खिसककर 15वें स्थान पर पहुंच गई। इस साल अप्रैल में शीर्ष दस से बाहर हुई सिंधू के 13 टूर्नामेंटों में 51070 अंक हैं। वहीं सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी युगल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। पुरूष एकल में एचएस प्रणय आठवें स्थान पर हैं। लक्ष्य सेन 19वें और किदाम्बी श्रीकांत 20वें स्थान पर हैं।

### एशियाई युवा टेटे के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** दोहा में 17 से 22 जुलाई तक होने वाली 27वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के लिये 14 सदस्यीय भारतीय टीम का मंगलवार को चयन किया गया। टीम में सात लड़के और सात लड़कियां हैं। चयनकर्ताओं ने अंडर 19 और अंडर 15 खिलाड़ियों को उनकी रैंकिंग के आधार पर चुना है। तीन कोच और दो सहयोगी स्टाफ भी टीम के साथ जायेंगे।

**टीमें :** अंकुर भट्टाचार्य, दिव्यान श्रीवास्तव, जश मोदी, पी बी अभिनंद, सार्थ मिश्रा, पुनीत विश्वास, प्रियानुज भट्टाचार्य।
**लड़कियां :** यशस्विनी घोरपड़े, सुहाना सैनी, जेनिफर वर्गीस, तनीषा कोटेशा, अविशा कर्माकर, सायनिका माजी और सयाली वानी।
**कोच :** अनिंदिता चक्रवर्ती, जय मोदक, आर राजेश।

### रुजुता ने 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**हैदराबाद।** महाराष्ट्र की रुजुता खाड़े ने मंगलवार को यहां राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में महिलाओं की 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 20 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। रुजुता ने 50 मीटर महिला फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 26.47 सेकेंड का समय लेकर राज्य की साथी अनन्या नायक को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता, जिन्होंने 26.64 सेकेंड का समय निकाला। कर्नाटक की नीना वेंकटेश ने 26.73 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। रुजुता ने इस दौरान शिखा टंडन के 2003 में बनाए गए 26.61 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ा।

## क्रिकेट : पहली बार उतरेंगी मणि, अनुषा, राशि और उमा

# टी-20, वनडे सीरीज में भारतीय टीम और बांग्लादेश के बीच मुकाबला 9 से

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आगामी 9 जुलाई से भारत बांग्लादेश के बीच होने वाले महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए महिला चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 और वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज के सभी छह मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

हरमनप्रीत कौर दोनों टीमों का नेतृत्व करेंगी, वहीं स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी। बांग्लादेश के लिए यह दौरा भारतीय महिला टीम के व्यस्त क्रिकेट दौरों की शुरुआत हो रही है। अगले छह महीनों में टीम इंडिया न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा होना करेगी। वहीं इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खलिाफ टीम इंडिया मल्टी फॉर्मेट में टेस्ट खेलेगी।

### इन खिलाड़ियों को नहीं मिली जगह

*बांग्लादेश के खिलाफ तैयार की गई क्रिकेट टीम में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष, अनुभवी ऑलराउंडर शिखा पांडे और बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को बांग्लादेश के खलिाफ सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं मिली है। हालांकि बीसीसीआई ने इसका कोई कारण नहीं बताया है।*



### भारत की वनडे टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिगेज, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, प्रिया पुनिया, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी, स्नेह राणा।

### भारतीय टीम का बांग्लादेश दौरा, 2023

| | | |
|---|---|---|
| 9 जुलाई | पहला टी-20 एसबीएनसीएस | मीरपुर 1:30 दोपहर |
| 11 जुलाई | दूसरा टी-20 एसबीएनसीएस | मीरपुर 1:30 दोपहर |
| 13 जुलाई | तीसरा टी-20 एसबीएनसीएस | मीरपुर 1:30 दोपहर |
| 16 जुलाई | पहला वनडे एसबीएनसीएस | मीरपुर सुबह 9:00 बजे |
| 19 जुलाई | दूसरा वनडे एसबीएनसीएस | मीरपुर सुबह 9:00 बजे |
| 22-जुलाई | तीसरा वनडे एसबीएनसीएस | मीरपुर सुबह 9:00 बजे |

### भारत की टी-20 टीम

*हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिगेज, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, एस मेघना, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी, मिन्नू मणि।*

### घोष की गैरमैजूदगी में विकेट संभालेंगी छेत्री

विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष की. गैरमौजूदगी ने असम की उमा छेत्री के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। छेत्री टी-20 और वनडे दोनों टीमों में यास्तिका भाटिया के बाद दूसरी विकेटकीपर हैं। 20 साल की उमा भारत ए टीम का हिस्सा रहीं, जिसने हाल ही में हांगकांग में एसीसी इमर्जिंग नेशंस टूर्नामेंट जीता था।

### इन खिलाड़ियों को किया गया शामिल

केरल की ऑलराउंडर मिन्नू मणि (केवल टी-20) और बाएं हाथ की स्पिनिंग जोड़ी अनुषा बरेड्डी आंध्र, और राशि कनौजिया उत्तर प्रदेश को टी-20 और वनडे के लिए बुलाया गया है। हरमनप्रीत कौर दोनों टीमों का नेतृत्व करेंगी, वहीं स्मृति मंधाना उपकप्तान होंगी।

### टीम इंडिया को है कोच का भी इंतजार?

रमेश पोवार को कोच पद से हटाए जाने के बाद से महिला टीम के कोच का पद खाली है। तब से, भारत के पूर्व ऑलराउंडर ऋषकिश कानतिकर इस पद को अंतरमि तौर पर संभाल रहे हैं। कानतिकर मई में फिटनेस कैंप का भी हिस्सा थे।

## विश्व कप क्वालीफायर्स : ओमान और विंडीज के बीच भिड़ंत आज



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विश्व कप क्वालीफायर्स 2023 में आज बुधवार को ओमान क्रिकेट टीम का सामना वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम से होगा। यह ओमान का इस टूर्नामेंट में आखिरी मैच है, जिसे जीतकर वह सम्मानजनक विदाई चाहेंगे। अपने पिछले 3 मैच लगातार हार चुकी वेस्टइंडीज टीम अब जीत की राह पर लौटने का प्रयास करेगी। बता दें कि कैरेबियाई टीम पहले ही विश्व कप 2023 की दौड़ से बाहर हो चुकी है। अब तक दोनों टीमें कभी भी वनडे प्रारूप में आपस में नहीं भिड़ी हैं। यह पहला मौका होगा जब ओमान की टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ कोई वनडे खेलेगी।

- विश्व कप क्वालीफायर्स में आज ओमान और वेस्टइंडीज के बीच भिड़ंत

### गलतियों से सबक लेगी वेस्टइंडीज की टीम

अपने पिछले मैच में वेस्टइंडीज को स्कॉटलैंड के खिलाफ 7 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। उस मैच में कैरेबियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 181 रन बनाकर ऑलआउट हो गई थी। शाई होप की कप्तानी में वेस्टइंडीज अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने का प्रयास करेगी।
**संभावित एकादश :** ब्रैंडन किंग, जॉनसन चार्ल्स, शमर ब्रूक्स, शाई होप (कप्तान और विकेटकीपर), निकोलस पूरन, काइल मेयर्स, केविन सिंक्लेयर, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, अकील होसेन और अल्जारी जोसेफ।

### सम्मानजनक विदाई चाहेगी ओमान

ओमान को अपने पिछले मैच में नीदरलैंड के खिलाफ बड़ी शिकस्त मिली थी। उस मैच में ओमान के गेंदबाजों ने जमकर रन लुटाए थे। बल्लेबाजी में अयान खान ने शतक लगाया था। ओमान की टीम अपने आखिरी मैच में अच्छी गेंदबाजी की उम्मीद करेगी।
**संभावित एकादश :** कश्यप प्रजापति, जतिंदर सिंह, आकिब इलियास (कप्तान), संदीप गौड़, शोएब खान, सूरज कुमार (विकेटकीपर), अयान खान, मोहम्मद नदीम, फैयाज बट, कलीमुल्लाह और बिलाल खान।

## यूरोप दौरे में सविता संभालेंगी हॉकी टीम इंडिया की कमान

**महिला हॉकी टीम का ऐलान, सुशीला-दीपिका लौटीं**



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हॉकी इंडिया यूरोप दौरे के लिये 20 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम का ऐलान किया जिसे जर्मनी में मैच खेलने के बाद 16 जुलाई से स्पेन में चार देशों का टूर्नामेंट खेला जाना है। दोनों टूर्नामेंट सितंबर अक्टूबर में होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण हैं।

टीम की कमान गोलकीपर सविता के हाथ में होगी जबकि दीप ग्रेस इक्का उपकप्तान रहेंगी। मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा स्पेन और जर्मनी दौरे से टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। एशियाई खेलों की तैयारी के लिये यह काफी अहम है।

### ऐसा है भारतीय हॉकी टीम का शेड्यूल

*भारतीय टीम पहले तीन मैच जर्मनी में खेलेगी जिसमें से एक चीन के खिलाफ और दो मेजबान के खिलाफ 16 से 19 जुलाई तक खेले जाने हैं। भारतीय टीम जर्मनी में अपने मैच के बाद स्पेन जायेगी जहां दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और मेजबान के खिलाफ 25 से 30 जुलाई तक मैच होंगे। ये मैच स्पेन हॉकी महासंघ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की सौंवी वर्षगांठ पर खेले जा रहे हैं। मई में आस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली भारतीय टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किये गए हैं।*

**संभावित टीम :** गोलकीपर : सविता (कप्तान), बिछू देवी खारीबाम
डिफेंडर : दीप ग्रेस इक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता, सुशीला चानू
मिडफील्डर : निशा, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, बलजीत कौर, वैष्णवी फाल्के, ज्योति छत्री
फॉरवर्ड : लालरेम्सियामी, वंदना कटारिया, संगीता कुमारी, दीपिका।

## छांगटे-मनीषा सर्वश्रेष्ठ पुरुष व महिला खिलाड़ी चुने गए





**बेंगलुरू।** भारत और मुंबई सिटी एफसी के विंगर लालियानजुआला छांगटे को इंडियन सुपर लीग में और भारतीय टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन के लिए अभा फुटबॉल महासंघ का साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉल खिलाड़ी चुना गया। पंजाब की मनीषा कल्याण के साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच का पुरस्कार पूर्व भारतीय खिलाड़ी क्लिफोर्ड मिरांडा को दिया गया। प्रिया पराथी वालापिल को साल की सर्वश्रेष्ठ महिला कोच चुना गया। मुंबई सिटी एफसी के एक अन्य खिलाड़ी आकाश मिश्रा और भारत की अंडर-17 टीम की सदस्य शिल्जी शाजी को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए खिलाड़ी चुना गया। वर्ष 2022-2023 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और कोच का चयन जाने माने पूर्व खिलाड़ियों ने किया जिनमें पूर्व कप्तान शब्बीस अली, आईएम विजयन और बाईचुंग भूटिया भी शामिल थे। मिजोरम के 26 साल के छांगटे ने 2022-23 अंतरराष्ट्रीय सत्र के दौरान भारत के लिए 12 मैच खेले जिसमें उन्होंने दो गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की।

### वर्ल्ड कप ट्रॉफी का मुंबई में वेलकम



**मुंबई।** आईसीसी के ट्रॉफी टूर के हिस्से के रूप में वनडे वर्ल्ड कप ट्राफी कोलकाता से लेह जाने के बाद मुंबई के बॉम्बे स्कॉटिश स्कूल पहुंची। स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता जार्ज व स्टाफ के लोगों ने ट्रॉफी का वेलकम किया। इस दौरान कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने ट्रॉफी के दीदार किए और उसका जोरदार स्वागत कर खुशी जाहिर की।

### अगरकर सीनियर पुरुष चयनसमिति के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को सीनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। अगरकर इससे पहले दिन में अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के सामने वर्चुअल साक्षात्कार में शामिल हुए, जिसकी सिफारिश पर बीसीसीआई ने यह फैसला किया। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने यहां जारी बयान में कहा, ''सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति ने पुरुष चयन समिति में चयनकर्ता के एक पद के लिए आवेदकों का साक्षात्कार लिया। तीन सदस्यीय सीएसी ने उक्त पद के लिए सर्वसम्मति से अजीत अगरकर के नाम की सिफारिश की।'' उन्होंने कहा, ''समिति ने वरिष्ठता के आधार पर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष की भूमिका के लिए अगरकर की सिफारिश की।''




# कुवैत को पेनल्टी शूटआउट में हरा नौवीं बार सैफ चैम्पियन बना भारत

भाषा ⏭ बेंगलुरु

### भारतीय टीम ने कुवैत को 5-4 से दी मात




गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने डाइव लगाकर निर्णायक पेनल्टी बचाई और भारत ने मंगलवार को कुवैत को शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवीं बार सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप खिताब जीत लिया। दोनों टीमें 120 मिनट के खेल तक 1-1 से बराबरी पर थी। पेनल्टी शूटआउट के पांच दौर के बाद भी स्कोर 4-4 था जिसके बाद सडन डैथ पर फैसला हुआ। महेश नोरेम ने स्कोर किया और भारत के गोलकीपर गुरप्रीत संधू ने डाइव लगाकर खालिद हाजिया का शॉट बचाकर टीम को जीत दिलाई। निर्धारित समय के भीतर शाबाइब अल खालिदी ने 14वें मिनट में गोल करके कुवैत को बढत दिलाई थी जबकि भारत के लिये बराबरी का गोल लालियांजुआला छांगटे ने 39वें मिनट में दागा। गत चैम्पियन भारत और कुवैत ने आखिरी ग्रुप मैच भी 1-1 से ड्रॉ खेला था। भारत ने दूसरी बार पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की है। इससे पहले एक जुलाई को सेमीफाइनल में लेबनान को भी पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया था। उस मैच में भी संधू ने शूटआउट में जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। भारत के लिये कप्तान सुनील छेत्री, संदेश झिंगन, शुभाशीष बोस, छांगटे और महेश ने गोल दागे जबकि उदांता सिंह चूक गए। शूटआउट से पहले कुवैत का दबदबा था जिसने पहले हाफ में कई मौके बनाये। इसका फायदा 14वें मिनट में मिला जब मुबारक अल फानीनी ने बायें विंग से अब्दुल्ला अल ब्लूशी को पास दिया। अल ब्लूशी ने गेंद अल खालिदी को सौंपी जिसने गोल करके कुवैत को बढत दिलाई।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सस्पेंस बरकरारः एनसीपी में जारी संकट के बीच शरद और उपमुख्यमंत्री अजित ने एक ही दिन बुलाई अपने-अपने समर्थक सांसद-विधायकों की मीटिंग

# महाराष्ट्र में बड़ा राजनैतिक शक्ति प्रदर्शन आज, पता चलेगा एनसीपी किसकी!

*महाराष्ट्र में 5 जुलाई को बड़ा शक्ति प्रदर्शन देखने को मिल सकता है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार के बाद उनके भतीजे अजित पवार के बीच चल पड़ी है वर्चस्व की लड़ाई*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

यहां दिलचस्प बात ये है कि अजित पवार ने भी ठीक उसी समय यह बैठक बुलाई है जिस समय शरद पवार ने पार्टी पदाधिकारियों को उपस्थित होने के लिए कहा है। एनसीपी में जारी संकट के बीच, नवनियुक्त डिप्टी सीएम अजित पवार ने सभी एनसीपी सांसदों, विधायकों, एमएलसी, जिला प्रमुखों और राज्य प्रतिनिधियों को 5 जुलाई को एमईटी बांद्रा में एक बैठक के लिए बुलाया है। उन्होंने कहा है कि इस बैठक में सभी का उपस्थित होना जरूरी है। वहीं इससे पहले, शरद पवार ने भी अपने सभी सदस्यों को उसी दिन (5 जुलाई) दोपहर 1 बजे वाईबी चव्हाण सभागार में बुलाया है। मीटिंग का मुद्दा अजित पवार सहित नौ राकांपा नेताओं के शिंदे सरकार में शामिल होना बताया गया है।



## पटेल, तटकरे का निष्कासन

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार द्वारा पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटाए जाने के तुरंत बाद प्रफुल्ल पटेल ने सोमवार शाम को जयंत पाटिल की जगह लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे को पार्टी की महाराष्ट्र इकाई का प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की। पटेल ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार को पार्टी विधायक दल का नेता भी नियुक्त किया। इससे पहले दिन में पवार ने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और सांसद सुनील तटकरे को 'पार्टी विरोधी' गतिविधियों के चलते निष्कासित कर दिया। दोनों ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का बगावत में साथ दिया था। शरद पवार ने ट्वीट किया, ''मैं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष होने के नाते सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल को पार्टी-विरोधी गतिविधियों की वजह से राकांपा सदस्यों के रजिस्टर से हटाने का आदेश देता हूं।'

## अजित को दो दिन में डबल झटका सांसद-विधायक लौटे

महाराष्ट्र की एकनाथ सरकार में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने और एनसीपी को तोड़ने वाले अजित पवार को दो दिनों के अंदर डबल झटका लगा है। शपथ ग्रहण के दिन ही एनसीपी सांसद के शरद पवार खेमे में लौटने के बाद अगले दिन दो विधायक भी अजित पवार को छोड़कर शरद पवार के कैम्प में लौट आए हैं।

## मेरी पार्टी ही मेरी तस्वीर का इस्तेमाल कर सकती हैः शरद

शरद पवार ने मंगलवार दोपहर कहा कि उनकी तस्वीर का इस्तेमाल उनकी पार्टी ही कर सकती है। जब तक मैं जीवित हूं मेरी फोटो का इस्तेमाल करना मेरा अधिकार है। जिन्होंने मेरे विचारों को धोखा दिया। जिनसे अब मेरे वैचारिक मतभेद हैं। उन्हें मेरी अनुमति से ही मेरी तस्वीर का उपयोग करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### खालिस्तानियों पर भड़का कनाडा

**ओटावा।** भारत ने खालिस्तानी समर्थकों की ओर से ओटावा, टोरंटो और वैंकूवर में 8 जुलाई को निकाली जाने वाली रैली पर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को कनाडा के हाई कमिश्नर कैमरान मैके को तलब किया। भारत ने कनाडा की सरकार से रैली को रोकने और खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। भारत सरकार की ओर से यह कदम ऐसे में उठाया गया है जब कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों ने प्रदर्शन को लेकर पोस्टर जारी किया था।



### ताइवान में लैंड करते ही तबाह हो जाएंगे चीनी सैनिक

**नई दिल्ली।** चीन से सामना करने के लिए ताइवान को अमेरिका से एक बेहद खतरनाक हथियार मिलने वाला है। दरअसल, अमेरिका ताइवान को वोलकेनो माइन सिस्टम देने वाला है। इस हथियार को वोलकेनो भी कहा जाता है। इस हथियार की खासियत यह है कि ये कुछ ही मिनट में एक बड़े एरिया में लैंड माइंस यानी बारूदी सुरंगों को बिछा सकता है। इससे एंटी पर्सनल यानी सैनिकों के लिए और एंटी टैंक माइंस यानी टैंकों के लिए बारूदी सुरंगें बिछाने में महारथ हासिल होगी।



### चीन में घूमने पर हो सकती है जेल

**बीजिंग।** मनमाने तरीके से कानून को लागू करने, निकास प्रतिबंधों और गलत तरीके से हिरासत में लिए जाने के जोखिम के मद्देनजर अमेरिका ने अपने नागरिकों को चीन की यात्रा पर पुनर्विचार करने का परामर्श जारी किया है। किसी खास मामले का हवाला तो नहीं दिया गया लेकिन यह सलाह मई में जासूसी के आरोप में 78 वर्षीय अमेरिकी नागरिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद आई है। व्यापक विदेशी संबंध कानून के पारित होने के बाद आया है।



23 राज्यों की 10 हजार 432 कंपनियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

# 700 विषयों में युवाओं के लिए उपलब्ध रहेंगे रोजगार के अवसर

**मप्र में युवाओं के लिए 'सीखो-कमाओ योजना' लांच, सीएम ने कहा कि सीखो-कमाओ योजना का संक्षिप्त रूप 'एसकेवाय' अर्थात 'स्काय' मतलब आसमान**



*कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण को 8 हजार रुपए, आईटीआई उत्तीर्ण को 8 हजार 500, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हजार रुपए, स्नातक या उच्च शिक्षित को 10 हजार रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी।*

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने योजना के लांचिंग मौके पर कहा कि प्रदेश के युवाओं में क्षमता, ऊर्जा, प्रतिभा और टैलेंट है। उद्योगपति और व्यापारिक संस्थान इन्हें काम सिखाएंगे, तो वे उनके प्रतिष्ठान को मालामाल कर देंगे।



योजना के लिए 18 से 29 वर्ष के युवा पात्र होंगे। इस योजना का लाभ मप्र के स्थाई निवासी ही ले सकेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मप्र में मंगलवार से सीखो कमाओ योजना लांच हो गई। इसके लिए 18 से 29 वर्ष के युवा पात्र होंगे। इस योजना का लाभ मप्र के स्थाई निवासी ही ले सकेंगे। कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण को 8 हजार रुपए, आईटीआई उत्तीर्ण को 8 हजार 500, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हजार रुपए, स्नातक या उच्च शिक्षित को 10 हजार रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। युवाओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराने के लिए 700 कोर्सेस चयनित किए गए हैं। इसमें सभी प्रकार के उद्योग, व्यापारिक प्रतिष्ठान, सर्विस सेक्टर आदि को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने योजना के लांचिंग मौके पर कहा कि प्रदेश के युवाओं में क्षमता, ऊर्जा, प्रतिभा और टेलेंट है। उद्योगपति और व्यापारिक संस्थान इन्हें काम सिखाएंगे, तो वे उनके प्रतिष्ठान को मालामाल कर देंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने यह बात रवींद्र भवन में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना की लांचिंग के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कही। उन्होंने आईटीआई उत्तीर्ण राज कुशवाह का सखुद योजना के पोर्टल पर पंजीयन कराकर योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के तहत पोर्टल पर युवा अपनी योग्यता और रूचि के अनुसार गतिविधि चुन सकेंगे। उन्होंने पंजीकरण की प्रक्रिया को भी युवाओं को विस्तार से समझाया। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी आवश्यक है। पंजीयन के लिए मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी और बैंक खाता आधार से लिंक हो एवं डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने युवाओं के प्रश्नों और जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

### मैं आज पंख देने आया हूं

चौहान ने कहा कि युवा आगे आएं, योजना से जुड़ें, आसमान में ऊंची उड़ान भरें और अपने जीवन को सफल और सार्थक बनाएं। मैं युवाओं के सपनों को किसी भी कीमत पर मरने नहीं दूंगा। चिड़िया अपने बच्चों को घोसला नहीं पंख देती है, मैं आज पंख देने आया हूं और इसीलिए मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना लागू की गई है। छात्रवृत्तियों, निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें, मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप, दूसरे गांव पढ़ने जाने वाली बालिकाओं को साइकिलें उपलब्ध कराकर बेहतर और नियमित शिक्षा की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष शालाओं में कक्षा 12 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ई-स्कूटी प्रदान की जाएगी।

एनआईए 2020 से कर रही जांच

## एनआईए ने नार्को-आतंकवाद मामले में दो के घर किए कुर्क

एजेंसी ▶▶| अमृतसर



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाब के अमृतसर जिले में पाकिस्तान प्रायोजित नार्को-आतंकवाद मामले में आरोपी दो भाइयों बिक्रमजीत सिंह और मनिंदर सिंह के घर को कुर्क कर लिया है। एनआईए 2020 से जांच कर रही है। बिक्रमजीत और मनिंदर के घर को आतंकवाद की आय के रूप में नामित करने के बाद गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 के तहत कुर्क किया गया था। दोनों भाइयों को पहले मामले में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। आवासीय संपत्ति बिक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की और मनिंदर सिंह उर्फ मनी की है।

### पहले हो चुके गिरफ्तार

*एनआईए ने कहा कि संपत्ति को 'आतंकवाद की आय' के रूप में नामित करने के बाद गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 की धारा 25 (1) के तहत संलग्न किया गया है। दोनों भाइयों को पहले एनआईए ने गिरफ्तार किया था, जो पाकिस्तान से भारत में बड़ी मात्रा में ड्रग्स की तस्करी के लिए एक नार्को आतंकी मॉड्यूल द्वारा रची गई साजिश से संबंधित है। सीमा पार से ड्रग्स की तस्करी की जा रही थी।*

## पाकिस्तान में कोई भी चर्च व ईसाई सुरक्षित नहीं रहेगा, करेंगे हमले

**आतंकवादी संगठन 'एलईजे' ने दी धमकी**

एजेंसी ▶▶| लाहौर

स्वीडन में धार्मिक ग्रंथ जलाए जाने की घटना के बाद मुस्लिम देशों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वहीं पाकिस्तान में लाहौर स्थित सुन्नी आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-झांगवी 'एलईजे' ने धमकी दी है कि स्वीडन की घटना के जवाब में वह पाकिस्तान में ईसाइयों और चर्चों पर हमले करेगा। इस आतंकी समूह ने कहा कि वह पाकिस्तान में अल्पसंख्यक सदस्यों को निशाना बनाकर आत्मघाती हमले भी शुरू करेगा।

### 1990 से सक्रिय है यह आतंकी संगठन

*लाहौर स्थित यह आतंकी संगठन 1990 के दशक से पाकिस्तान में शिया मुसलमानों के खिलाफ अपने क्रूर अभियान के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है। इसने न केवल मस्जिदों और शिया जुलूसों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर हिंसक हमले किए, बल्कि प्रमुख शिया हस्तियों की लक्षित हत्याएं भी कीं। इस संगठन ने अब स्वीडन में कुरान जलाने की घटना के बाद बड़ी धमकी दी है कि वह पाकिस्तान में ईसाइयों और चर्च पर हमले करेगा।*

राजकोट में 15 साल के लड़के को आया हार्ट अटैक

## स्कूल में भाषण देने से पहले ही तोड़ दिया दम

**गुरू पूर्णिमा के अवसर पर प्रतियोगिता आयोजित**


एजेंसी ▶▶| राजकोट



गुजरात के राजकोट जिले में कम उम्र के एक बच्चे ने स्कूल में ही दम तोड़ दिया। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें बच्चे को भाषण देना था। भाषण देने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई। बच्चे का नाम देवांश वेंकुभाई भयानी है। वह कक्षा दसवीं का का छात्र था। उसकी उम्र मात्र 15 साल थी। 15 वर्षीय देवांश जिस स्कूल में पढ़ता था, उस स्कूल का नाम स्वामी नारायण गुरुकुल है। बच्चे की अचानक मौत से परिवार वाले सदमे में हैं। वहीं, स्कूल प्रशासन भी इस तरह अचानक बच्चे की मौत से हैरान हैं। देवांश के शव को पोस्टमार्ट के लिए भेजा गया है, जहां उसकी मौत की वजह हार्ट अटैक बताई गई है। देवांश के पिता शहर के बड़े बिजनेसमैन हैं। उनका प्लास्टिक से जुड़ा बिजनेस है। 15 वर्षीय देवांश उनका इकलौता बेटा था। इस प्रतियोगिता में बच्चों को गुरू विषय पर भाषण देना था। अभी कुछ दिन पहले ही नवसारी में भी एक कम उम्र की छात्रा की मौत का मामला सामने आया था।

## फ्रांसः हिंसा में आई कमी, अब घर-घर तलाशी, 157 गिरफ्तार

**पेरिस।** फ्रांस में राजधानी पेरिस के करीब नेन्तेरे शहर में एक हफ्ते से जारी हिंसा में कमी आने लगी है। होम मिनिस्ट्री के मुताबिक- सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात पुलिस ने डोट टू डोर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान 157 और लोगों को हिरासत में लिया गया। पांच हजार और पुलिसकर्मियों को नेन्तेरे शहर में तैनात किया गया है। अब यहां तैनात पुलिसकर्मियों की तादाद 45 हजार हो गई है। पुलिस के मुताबिक- हिंसा में कुल 159 गाड़ियों को आग लगाई गई। इसके अलावा 202 जगह आगजनी की गई। ऑपरेशन के दौरान 4 पुलिसवाले घायल हुए हैं। यहां 27 जून को 17 साल के रिफ्यूजी को पुलिस ने पुलिस ने गोली मार दी थी।



## रूस बोला-यूक्रेन ने मॉस्को पर 5 ड्रोन से हमला किया

अमेरिका-ब्रिटेन आतंकी देश की कर रहे फंडिंग

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस की राजधानी मॉस्को में मंगलवार को एक बार फिर ड्रोन अटैक हुआ है। रूस ने यूक्रेन पर हमला करने का आरोप लगाया है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा- यूक्रेन ने मॉस्को में 5 ड्रोन से अटैक किया। हमने इन सभी को मार गिराया है। हालांकि, सुरक्षा के लिहाज से राजधानी के मुख्य एयरपोर्ट से कुछ घंटों के लिए फ्लाइट्स डायवर्ट कर दी गईं। रूस के रक्षा मंत्री ने बताया कि हमले में कोई भी घायल नहीं हुआ है। ये रूस पर एक और आतंकी हमला है।



### एयरपोर्ट के पास मिले 2 ड्रोन

*रूसी मीडिया के मुताबिक 2 ड्रोन का मलबा एयरपोर्ट से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर बरामद हुआ। कई चश्मदीदों ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे नोवाया क्षेत्र में धमाके की आवाज आई थी। मेयर सर्गेई ने इस क्षेत्र में 4 ड्रोन को मार गिराने की पुष्टि की है। करीब 1 महीने पहले भी रूस ने मॉस्को की 2 बिल्डिंग पर हुए ड्रोन अटैक के लिए यूक्रेन को दोषी ठहराया था। रूस के डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा था कि कीव ने करीब 8 ड्रोन से आतंकवादी हमला किया। सभी ड्रोन्स को मार गिराया गया है। दोनों बिल्डिंग में रह रहे नागरिकों सुरक्षित हैं। रूस पर हमले में 30 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। हमले पर यूक्रेन की प्रतिक्रिया भी सामने आई थी। राष्ट्रपति जेलेंस्की के एडवाइजर और नेता मिखाइल पोडलैक ने कहा था- इस हमले में यूक्रेन का कोई हाथ नहीं था।*

खोजः उल्कापिंड होने की वैज्ञानिकों ने जताई आंशका !

## मंगल ग्रह पर मिला विचित्र आकार जैसा भूरे रंग का पत्थर, नासा के वैज्ञानिक हुए हैरान

एजेंसी ▶▶| ह्यूस्टन

नासा (नासा) ने इस चट्टान को लेकर कहा कि यह चट्टान जहां है, उसके आस पास कई और छोटे छोटे पत्थर हैं। जिसे देख कर लगता है कि ये एक तरह का उल्कापिंड भी हो सकता है। मंगल ग्रह पर इंसानों द्वारा लगातार खोज जारी है। पृथ्वी के वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि वह मगल पर इंसानों को बसा सकते हैं। हालांकि, हाल ही में मंगल ग्रह पर एक ऐसा पत्थर मिला है जिसने सभी इंसानों को चौंका दिया है। दरअसल, इस पत्थर की आकृति एक ऐसी चीज से मिलती जुलती है जो इंसानों द्वारा बेहद पसंद किया जाता है। भारत के बड़े शहरों समेत दुनिया भर में इस लोग इस चीज के दीवाने हैं। बच्चों में तो ये इतना लोकप्रिय है कि उन्हें हर रोज ये खाना होता है। दरअसल, हम जिस चीज की बात कर रहे हैं, वो डोनट है। मंगल ग्रह पर जो पत्थर मिला है वो बिल्कुल डोनट के आकार का है।



### कैसे मिला ये पत्थर

*नासा का एक प्रिसर्वेंस रोवर इस वक्त मंगल ग्रह पर घूम रहा है और वहां की तस्वीरें पृथ्वी तक पहुंचा रहा है। उसी रोवर ने हाल ही में एक ऐसी तस्वीर ली जिसकी चर्चा दुनियाभर में है। ये तस्वीर मंगल ग्रह पर पड़े एक पत्थर की है। ये पत्थर बिल्कुल एक डोनट के आकार का है। दिखने में थोड़ा गोल और इसके बीच में बना सुराख इस पत्थर को हुबहू एक डोनट की शक्ल देता है, जो अमेरिका समेत पूरे यूरोप में लोकप्रिय है। इस तस्वीर को रिमोट माइक्रोस्कोपिक इमेजर की मदद से लिया गया है। वहीं तस्वीर को खींचते वक्त रोवर इस पत्थर से लगभद 100 मीटर की दूरी पर था। ये तस्वीर 22 जून 2023 को ली गई थी।*

ग्रेविटी होल पृथ्वी की सबसे रहस्यमय गुरुत्वाकर्षण विसंगति

## हिंद महासागर में मिला 'पाताल का रास्ता' धरती के अंदर के रहस्य खोलेगा ग्रेविटी होल

ग्रेविटी होल 2 मिलियन वर्ग मील का इलाका है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

धरती की उत्पत्ति को लेकर वैसे तो वैज्ञानिकों ने कई सारी थ्योरी दी हैं। लेकिन अभी भी धरती और उसके जीवन से जुड़े कई रहस्य अनसुलझे हैं। वैज्ञानिकों ने हिन्द महासागर में एक ग्रेविटी होल को खोज निकाला है। इसे पाताल का रास्ता कहा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, वैज्ञानिकों को संदेह है कि समुद्र में मिला यह ग्रेविटी होल एक प्राचीन समुद्र के अवशेष हो सकते हैं। जो लाखों साल पहले गायब हो गया था। महासागर में जिस जगह ग्रेविटी होल मिला है, वहां पर गुरुत्वकार्षण बल बाकी पृथ्वी से कमजोर पड़ जाता है।

- 20 मिलियन वर्ष पहले अपना स्वरूप धारण किया था
- ग्रेविटी होल को लेकर कई रहस्य सामने आने बाकी



फाइल फोटो

### गुरुत्वकार्षण बल कमजोर क्यों?

वैज्ञानिकों ने अब इस बात का पता लगा लिया है कि जिस जगह ग्रेविटी होल मिला है। वहां गुरुत्वकार्षण बल कमजोर क्यों है? ग्रेविटी होल पृथ्वी की सबसे रहस्यमय गुरुत्वाकर्षण विसंगति मानी जाती है। इसे इंडियन ओशियन जियोइन लो (आईओजीएल) के नाम से जाना जाता है। यह विशाल ग्रेविटी होल 2 मिलियन वर्ग मील का इलाका है। जो पृथ्वी की क्रस्ट के नीचे 600 वर्ग मील तक फैला है। शोधकर्ताओं के मुताबिक इस ग्रेविटी होल का जवाब पृथ्वी के क्रस्ट के एक हजार किमी नीचे छिपा है। यहां प्रचीन महासागर के ठंडे घने अवशेष अफ्रीका के नीचे तीन करोड़ साल पहले दब गए थे।

### टेथिस महासागर एक प्राचीन महासागर था

जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित रिसर्च में कहा गया है कि, आईओजीएल में टेथिस महासागर के स्लैब शामिल हैं। टेथिस महासागर एक प्राचीन महासागर था जो मेसोजोइक युग के दौरान गोंडवाना और लॉरेशिया महाद्वीपों के बीच मौजूद था। जो एक लंबे समय से खोया हुआ समुद्र है जो लाखों साल पहले ग्रह की गहराई में डूब गया था। टेथिस महासागर ही अफ्रीकी लार्ज लो शियर वेलोसिटी प्रोविंस में अशांति पैदा करता था। जिसे अफ्रीकन ब्लॉब कहा जाता है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com